www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
21 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 210

आदिवासी विरोधी सरकार की टीएससी बैठक में जाने का कोई औचित्य नहीं : बाबूलाल



# शराब घोटाले में आइएएस विनय चौबे गिरफ्तार

- संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी किया गया गिरफ्तार
- छह घंटे की पूछताछ के बाद चौबे की गिरफ्तारी हुई
- झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले को लेकर आइएएस विनय चौबे को मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले एसीबी ने करीब 6 घंटे उनसे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ही मेडिकल टीम को बुलाया गया था। जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विनय चौबे पर यह आरोप है कि उत्पाद सचिव के उनके कार्यकाल में नयी उत्पाद नीति के जरिये छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट ने झारखंड में घोटाला किया। इस मामले में झारखंड एसीबी ने सरकार की अनुमति से पीइ दर्ज की थी, जिसके बाद अब नियमित प्राथमिकी दर्ज कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। इसी मामले में उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। गजेंद्र सिंह संयुक्त उत्पाद आयुक्त हैं। एसीबी ने कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड मांगी है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**एसीबी टीम विनय चौबे को सुबह ले गयी थी कार्यालय:** प्राप्त जानकारी के अनुसार एसीबी की टीम सुबह करीब 11 बजे आइएएस विनय चौबे को अपने साथ कार्यालय ले कर गयी। यहां उनसे लगभग 6 घंटे तक पूछताछ हुई। उत्पाद सचिव रहते अनियमितता के आरोप को लेकर ये जांच झारखंड एसीबी की ओर से की जा रही है। वहीं इसी मामले में वर्तमान संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी कई दस्तावेजों के साथ बुलाया गया। पूछताछ के दौरान ही शाम में मेडिकल टीम को बुलाया गया और स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि शराब घोटाले मामले को लेकर पहले छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध शाखा (इओडब्ल्यू) में केस दर्ज किया गया था। जिसमें जांच के दौरान झारखंड का नाम सामने आया। इसके बाद झारखंड एसीबी ने सरकार से अनुमति लेकर पीइ दर्ज की थी। मामले में शुरुआती जांच के बाद एसीबी ने नियमित प्राथमिकी दर्ज की।

**नयी शराब नीति का है मामला:** गौरतलब है कि पूरा मामला 31 मार्च 2022 में लागू हुई नयी शराब नीति से जुड़ा हुआ है। उस दौरान उत्पाद विभाग के सचिव विनय चौबे ही थे। इस दौरान शराब नीति में बदलाव की बात चल रही थी, तब उन्होंने शराब नीति बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। बताया जा रहा है कि यह बातचीत जनवरी 2022 में रायपुर में हुई थी। इसके बाद मार्च में नयी शराब नीति लागू हुई। छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा ने पिछले दिनों झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग को इससे संबंधित पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि छत्तीसगढ़ एसीबी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के अफसर गजेंद्र सिंह के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति चाहती है। वह दोनों अफसरों पर मुकदमा दर्ज करना चाहती है।

**1999 बैच के हैं आइएएस:** विनय चौबे 1999 बैच के झारखंड कैडर के आइएएस हैं। वह काफी तेजतर्रार अधिकारी रहे हैं। रांची डीसी के अलावा नगर विकास विभाग, उत्पाद विभाग समेत समेत कई अन्य विभागों में रहे हैं।



## झारखंड सरकार को 38 करोड़ का नुकसान

रांची (आजाद सिपाही)। आइएएस विनय चौबे और उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति कर इसकी जानकारी दी है। एसीबी ने कहा है कि यह कांड अपने पद का दुरूपयोग करते हुए प्लेसमेंट ऐजेंसीयों का चयन कर विहित प्रकिया एवं प्रावधान का समुचित अनुपालन कियान्वयन नहीं करते व कराते हुए अपराधिक मिलीभगत से कुटरचना कर सरकार के साथ जालसाजी धोखाधड़ी कर सामूहिक अपराध एवं अनैतिक लाभ पहुंचाया गया। परिणाम स्वरूप झारखंड सरकार को लगभग 38 करोड़ का नुकसान होने संबंधित प्रर्याप्त साक्ष्य के आधार पर तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखंड से अनुमोदन प्राप्त उपरांत विनय कुमार चौबे, तत्कालीन प्रधान सचिव, उत्पाद एवं मद निषेध विभाग, और गजेन्द्र सिंह, संयुक्त आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान के क्रम में टीम गठित कर 20.05.25 को प्राथमिकी अभियुक्त विनय कुमार चौबे और गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## इडी ने भी मामले की जांच की थी

जानकारी के मुताबिक 2019 से 2022 के बीच छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला हुआ था। इसमें छत्तीसगढ़ के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अनिल टुटेजा को आरोपी बनाया गया। उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर के बैरन बाजार निवासी अनवर ढेबर और उनके सिंडिकेट को आरोपी बनाया गया था। छत्तीसगढ़ इडी ने पहले इसी घोटाले में कार्रवाई करते हुए झारखंड कनेक्शन का खुलासा किया था। आइएएस विनय चौबे को इडी ने समन जारी कर मामले में पूछताछ के लिए छत्तीसगढ़ बुलाया था। इडी को दिये अपने बयान में कहा था कि सरकार की सहमति के बाद नयी उत्पाद नीति लागू की गयी थी। इसमें उनका कोई दोष नहीं है। इसके बाद झारखंड के एक व्यक्ति ने छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध शाखा में एक मामला दर्ज कराया। जिसमें झारखंड में छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट द्वारा ही सुनियोजित तरीके से शराब घोटाला को अंजाम देने का आरोप लगाया। अक्टूबर 2024 में इडी ने विनय चौबे और अन्य के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी।

## हाल के वर्षों में गिरफ्तार होनेवाले झारखंड के तीसरे आइएएस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में एक के बाद एक आइएएस गिरफ्तार हो रहे हैं। हाल के तीन वर्षों में विनय चौबे गिरफ्तार होने वाले तीसरे आइएएस अधिकारी हैं। उन्हें शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हालांकि एसीबी द्वारा किसी आइएएस के खिलाफ कार्रवाई संभवत: पहली बार की गयी है। इडी ने मनरेगा घोटाले में आइएएस पूजा सिंघल और जमीन घोटाले में आइएएस छवि रंजन को गिरफ्तार किया था। पूजा सिंघल फिलहाल बेल पर हैं, जबकि छवि रंजन अभी भी जेल में हैं।

## सीबीआइ जांच से बचने के लिए हुई एसीबी की कार्रवाई: बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते रहे हैं कि झारखंड में शराब घोटाला हुआ है। सरकार को हमने यह घोटाला जो आज सामने आ रहा है, उसके बारे में 19 अप्रेल 2022 को ही पत्र लिखकर जानकारी दी थी। हम ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के पहले ही बता दिया था कि छत्तीसगढ़ के माफियाओं के साथ मिलकर किन-किन लोगों को काम में लिया जायेगा। सरकार ने मेरी बातों को न सिर्फ अनसुना कर दिया, बल्कि मजे से घोटाला किया और घोटाला होने दिया। आज उसी मामले में छत्तीसगढ़ में कार्रवाई हो रही है। मामला इडी और सीबीआइ तक पहुंच गया है। तो यहां एसीबी जो जांच कर रही, उस जांच और कार्रवाई पर कोई भरोसा कैसे करेगा? लगता है कि छत्तीसगढ़ में जारी सीबीआइ जांच के भय से अब बड़ी मछलियों को बचाने के लिए कुछ लोगों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी अगर आप सच में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं और आपमें हिम्मत है, तो इस मामले की सीबीआइ से जांच कराने का आदेश दें।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रांची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## कांग्रेस और भाजपा में शुरू हुआ पोस्टर वॉर




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को 'मीर जाफर' बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को 'जयचंद' करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किये। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर को 'जयचंद' करार दिया। कांग्रेस ने लिखा, जयशंकर नये दौर के 'जयचंद'। वहीं, भाजपा ने लिखा कि राहुल नये दौर के 'मीर जाफर'।

# यह राज्य आंदोलन की उपज, शहीदों के नाम से जाना जाता है: हेमंत सोरेन


राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का किया अनावरण

सुनील भंडारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के परिसर में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक संरचना के मद्देनजर यहां के लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया करने के लिए हमारी सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय की स्थापना धनबाद जिले में की गयी, ताकि यहां के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सके। आज यह विश्वविद्यालय पूरे राज्य की शोभा बढ़ा रहा है। यहां के विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का काम यह विश्वविद्यालय बखूबी निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन की उपज है। इसी वजह से यह राज्य शहीदों के नाम से जाना जाता है। इस राज्य के निर्माण में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा है। ऐसे में अपने शहीदों और आंदोलनकारियों को सम्मान देने की परंपरा हम निभाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में कई संस्थानों का नामकरण यहां के शहीदों के नाम से किया गया है। धनबाद का बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय भी इसी का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य के कई शहर - गांव , टोला- मोहल्ला और गली शहीदों के नाम से जाने जाते हैं । यहां के चौक -चौराहों पर हमारे शहीदों, आंदोलनकारियों की लगी प्रतिमा यह बताने के लिए काफी है कि इस राज्य के निर्माण में उनका कितना अहम योगदान रहा है। हम अपने शहीदों एवं आंदोलनकारियों के सम्मान की खातिर उनके कार्यो को स्थापित करने की दिशा में निरंतर कदम बढ़ा रहे हैं।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, अरुप चटर्जी, चंद्रदेव महतो, राज सिन्हा, उमाकांत रजक, जयमंगल सिंह, शत्रुघ्न महतो और विधायक जयराम महतो के अलावा झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पूर्व सांसद पीएन सिंह, पूर्व विधायक जलेश्वर महतो, जेएमएम जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



## शिक्षा के क्षेत्र में किये गये बदलाव का दिख रहा परिणाम

हेमंत सोरेन ने कहा कि चाहे प्राथमिक शिक्षा हो या माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षा, हमारी सरकार ने काफी कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में जो बदलाव किये हैं। उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बीच इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि और उसकी कमियों को दूर करने का प्रयास निरंतर जारी है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।
श्रीलेदर्स नमन् करता है अपने संस्थापक को उनकी 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर



पूज्यनीय सुरेश चंद्र डे
स्वपनद्रष्टा • योद्धा • प्रेरणास्त्रोत
21.04.1911 – 21.05.1990
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी!
परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें!
आपका प्रेममय स्वभाव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा!!
Sreeleathers
समस्त साकची श्रीलेदर्स परिवार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# पाकिस्तान को बेनकाब करने उतरी पीएम मोदी की टीम

## ■ सभी धुरंदर पकिस्तान की चमड़ी उधेड़ दिखायेंगे उसका असली चेहरा

## ■ कांग्रेस को राजनीति भूल कर साथ देना चाहिए सरकार का, क्योंकि यह मामला है देश का

**आजाद सिपाही विशेष**

मोदी सरकार द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद शुरू किये गये राजनयिक आउटरीच अभियान में कांग्रेस की भागीदारी को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज है। कांग्रेस द्वारा सुझाये गये चार नामों में से केवल आनंद शर्मा को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है, जबकि बाकी तीन नामों को सरकार ने नजरअंदाज कर दिया और अपनी ओर से तीन अन्य कांग्रेस नेताओं को नामित कर दिया। इससे कांग्रेस ने नाखुशी जाहिर की है। कांग्रेस को सबसे अधिक आपत्ति शशि थरूर से है, जो लगातार पकिस्तान को आड़े हाथ ले रहे हैं। मोदी सरकार का यह अभियान, जिसे राजनयिक आउटरीच कार्यक्रम नाम दिया गया है, 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष भारत की स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास है। इसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद विरोधी नीति और आंतरिक स्थिरता के प्रति वैश्विक समर्थन हासिल करना है। यह अभियान विशेष रूप से 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद और अधिक प्रासंगिक हो गया है। अभियान के तहत सांसदों का अलग-अलग दल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों में जाकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के कदम की जानकारी देगा और साथ ही पाकिस्तान को बेनकाब करेगा। सरकार की तरफ से कांग्रेस से चार सांसदों के नाम मांगे गये थे, लेकिन उसमें से केवल आनंद शर्मा को ही शामिल किया गया, जबकि सरकार ने कांग्रेस से बिना पूछे ही शशि थरूर और दो अन्य सांसदों को उसमें शामिल कर लिया। कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस का यह विरोध मोदी सरकार के इस सराहनीय कूटनीतिक पहल को विवादित बना रहा है, जो पूरी तरह से अनुचित है। सरकार द्वारा कांग्रेस के सुझाये गये नामों को नजरअंदाज कर अपनी पसंद के नेताओं को चुनना एक रणनीतिक कदम हो सकता है। यह संभवतः उन चेहरों को चुनने की कोशिश है, जिनका कूटनीतिक अनुभव अधिक है और जो सरकार के दृष्टिकोण के साथ अधिक सहज हों। केंद्र और कांग्रेस के बीच यह टकराव एक बार फिर यह दिखाता है कि जब राष्ट्रीय सुरक्षा और कूटनीति जैसे संवेदनशील मुद्दे सामने आते हैं, तो राजनीतिक सहयोग और संवाद कितना जरूरी हो जाता है। क्या है पूरा मामला और कूटनीतिक रूप से कांग्रेस के विरोध का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पहलगाम की क्रूर और बर्बर आतंकी घटना और उसके बाद भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया और भारत की छवि को खराब करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही वह अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, वह जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण और विडंबनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखंडता और विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना देश के हित में नहीं है।

पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिंताजनक है। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखे, लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें, खास कर कांग्रेस में कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटा रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी और दूरगामी सोच से जुड़ा है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और 'ऑपरेशन सिंदूर' का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए।

### क्या है पूरा विवाद

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने शशि थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिये थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गये। शशि थरुर विदेश नीति के जानकार हैं। वह पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमंडल को मिलेगा। दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

इस बीच खुद शशि थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया और सरकार की ओर से डेलिगेशन में शामिल किये जाने पर खुशी जतायी। उन्होंने लिखा, 'भारत सरकार ने हालिया घटनाओं पर देश का पक्ष रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की यात्रा के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का जो न्योता मुझे दिया है, उससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब बात राष्ट्रहित की हो और मेरी सेवाओं की जरूरत हो, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। जय हिंद!

### क्या है कांग्रेस का स्टैंड

कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा और अनुचित है। इससे एक अच्छा और प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं, लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।



### पहले भी ऐसा होता रहा है

युद्ध और आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति और राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वे अपनी काबिलियत और देशहित को देश के सामने साबित करें, क्योंकि राष्ट्र और राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत और सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता था, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है।

### दुनिया के सामने बेनकाब होगा पाकिस्तान

भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे नौ आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी और विशेषज्ञ सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ और परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेगा। हर एक प्रतिनिधिमंडल में छह-सात सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास और विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि इन प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किये गये हैं, जिनमें सत्तारूढ़ एनडीए के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे।

### राजनीतिक संतुलन है प्रतिनिधिमंडलों में

सात प्रतिनिधिमंडलों में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन और सूझबूझ का परिचय दिया गया है। 'आइडिया ऑफ इंडिया' के साथ सुगठित इस 'टीम इंडिया' के कंधे पर बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि 'आइडिया ऑफ पाकिस्तान' और 'आइडिया ऑफ इंडिया' के बीच कितनी चौड़ी खाई है। यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है और आतंक को पोषित-पल्लवित करने वाला देश है।

# पाकिस्तान 1 करोड़ लोगों को खाना नहीं दे पा रहा

## ■ संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट ने खोली 'कंगाल मुल्क' की पोल

## ■ बलूचिस्तान और सिंध में कुपोषण ने महामारी का रूप लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया है। इसके बावजूद पाकिस्तान पूरी दुनिया में भारत को लेकर झूठ बोल रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तो वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान की भारत से तुलना भी कर रहे हैं। लेकिन, संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने पाकिस्तान के दावों की हवा निकाल दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान में 11000000 लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। इन लोगों के पास दो वक्त की रोटी भी नहीं है। वहीं, भारत ने खुद को दुनिया के लिए संकट के समय खाद्य आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है, जबकि पाकिस्तान खाद्य संकट के बोझ तले दबा हुआ है।

**1 करोड़ से ज्यादा लोग भुखमरी के शिकार :** बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा 16 मई को जारी खाद्य संकट पर 2025 की वैश्विक रिपोर्ट से पता चलता है कि बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के 68 बाढ़-ग्रस्त ग्रामीण जिलों में 11 मिलियन लोग-या विश्लेषण की गयी आबादी का 22% - तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। इसमें आपातकालीन स्थितियों में 1.7 मिलियन लोग शामिल हैं। 2024 और 2025 के विश्लेषण के बीच, भुखमरी में शामिल लोगों में 38% की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा पहले के 36.7 मिलियन से बढ़कर 50.8 मिलियन लोगों पहुंच गया है।



**पाकिस्तान के ग्रामीण बेहाल**

पाकिस्तान में यह संकट जलवायु परिवर्तन, गरीबी और सरकारी उपेक्षा के कारण खड़ा हुआ है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित पाकिस्तान के ग्रामीण समुदाय हैं। कुछ जिलों में, कुपोषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। 2018 से 2024 की शुरूआत तक, वैश्विक तीव्र कुपोषण की दर 30% से अधिक हो गयी है। यह एक ऐसी सीमा जिसे वैश्विक स्तर पर जीवन के लिए खतरा माना जाता है। यहां तक कि 10% से ऊपर का जीएम स्तर भी आम तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का संकेत देता है।

### आने वाले समय में हालात और बेकाबू होंगे

बलूचिस्तान और सिंध में कुपोषण एक महामारी बन गया है। पिछले साल के शिखर से कुछ हद तक उबरने के बावजूद, एफएओ ने चेतावनी दी है कि जलवायु संबंधी झटके 2025 में आजीविका को नष्ट करना जारी रखेंगे। नवंबर 2023 और जनवरी 2024 के बीच, लगभग 11.8 मिलियन लोग-43 ग्रामीण जिलों में विश्लेषण की गयी आबादी का 32% - तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने का अनुमान है। इनमें से 2.2 मिलियन आपातकालीन स्तर (आइपीसी चरण 4) में थे, जो सर्दियों के मौसम के दौरान संकट की गहराई को उजागर करता है।

# ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के 7 कैंपों को आर्टिलरी से बनाया गया था निशाना

**भारते ने एम-777 हॉवित्जर तोपों से दागे थे गोले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करते हुए इंडियन आर्म्ड फोर्सेस ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के कुल 9 ठिकानों को ध्वस्त किया था। इसमें से 7 ठिकानों पर भारतीय सेना की आर्टिलरी (तोपखाने) से निशाना साधा गया था। बहावलपुर और मुरीदगे में आतंक के हेडक्वॉर्टर को जहां इंडियन एयरफोर्स ने तबाह किया वहीं बाकी 7 ठिकानों पर आर्टिलरी गन से प्रिसिशन स्ट्राइक की साथ ही लॉइटरिंग एम्युनिशन का इस्तेमाल कर उन्हें नष्ट किया गया।

**बिना बॉर्डर पार किये आतंकी ठिकानों को बनाया निशाना :** भारतीय सेना ने बिना सीमा पार किये ही आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। भारतीय सेना की आर्टिलरी (तोपखाने) में एम-777 लाइट अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर गन है और अमेरिका से इसके लिए एक्स कैलिबर का प्रिसिशन एम्युनिशन भी लिया गया था। जिस तरह आतंकियों के सात ठिकानों में स्ट्राइक हुई है, उसकी विडियो-तस्वीरें और लोकेशन को देखकर एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसमें एक्स कैलिबर के प्रिसिशन एम्युनिशन का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही लॉइटरिंग एम्युनिशन का भी इस्तेमाल हुआ है।

**इन 7 कैंपों को इंडियन आर्मी ने किया ध्वस्त :** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के इन सात कैंपों को नष्ट किया था। पीओजेके में सवाई नाला कैंप, जो लाइन ऑफ कंट्रोल से 30 किलोमीटर दूर है। ये लश्कर ए तैयबा का ट्रेनिंग सेंटर था। पीओजेके में सेदना बिलाल कैंप, ये आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्द का स्टेजिंग एरिया है। यहां आतंकवादियों को हथियारों की, विस्फोटकों की और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी। पीओजेके में कोटली गुलपुर, ये एलओसी से करीब 30 किलोमीटर दूर था। ये लश्कर ए तैयबा का बेस था। पीओजेके में बिंबर, ये एलओसी से करीब 9 किलोमीटर दूर है। यहां पर आतंकियों को हथियार चलाने, आइइडी और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी। पीओजेके में अब्बास कैंप कोटली, ये एलओसी से 13 किलोमीटर दूर है। यहां आतंकी संगठन लश्कर का फिदायीन तैयार होता था। पाकिस्तान में सरजल कैंप, सियालकोट, ये इंटरनेशनल बॉर्डर (आइबी) से 6 किलोमीटर दूर है। पाकिस्तान में महमूना जोया कैंप सियालकोट, ये आइबी से 12 किलोमीटर दूर है। ये हिजबुल मुजाहिद्दीन का बड़ा कैंप था।



**लॉइटरिंग एम्युनिशन टारगेट सर्च कर निशाना बनाता है**

भारतीय सेना के तोपखाने में लॉइटरिंग एम्युनिशन भी है। यह सुसाइड ड्रोन की तरह ही होता है। इसे एक छोटी रेल से लॉन्च करते हैं। यह करीब 10-15 मीटर की रेल होती है। जिस तरह एयरक्राफ्ट कैरियर के डेक से एयरक्राफ्ट टेकऑफ करता है उसी तरह लॉइटरिंग एम्युनिशन भी इस छोटे से प्लेटफॉर्म से लॉन्च होता है। लॉइटरिंग एम्युनिशन में जीपीएस होता है और उसके जरिए यह रडार से बचते हुए आगे बढ़ता है और टारगेट को सर्च कर फिर उसे निशाना बनाता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.9 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



# आदिवासी विरोधी सरकार की टीएससी बैठक में जाने का कोई औचित्य नहीं : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने झारखंड में 21 मई को होने जा रही ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की पहली बैठक से किनारा करने का निर्णय लिया है। पार्टी का आरोप है कि राज्य सरकार आदिवासी हितों की रक्षा नहीं कर रही है और टीएसी सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को दरकिनार किया गया है।



## सीएम की अध्यक्षता में होनी है टीएसी की बैठक

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 21 मई को टीएसी की बैठक होनी है। इसमें 13 विधायक और 2 मनोनीत सदस्य शामिल हैं। जिनमें बीजेपी के बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन का नाम भी है।

### बीजेपी का आक्रामक रुख

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पांचवीं अनुसूची के तहत राज्यपाल को टीएसी सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार है, लेकिन मौजूदा सरकार ने इस प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया है। वहीं चंपाई सोरेन की अगुवाई में बीजेपी नेताओं ने यह फैसला लिया है कि वे टीएसी बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे।

बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि पिछले साढ़े 5 सालों के दौरान झारखंड में आदिवासी समाज के उपर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों के हक अधिकार का अतिक्रमण कर रहे हैं, खनन माफिया जल-जंगल-जमीन का दोहन कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने कभी इसका संज्ञान नहीं लिया।

हालात तो इतने बदतर हो चुके हैं कि आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को मुख्यमंत्री की ओर से मुआवजा दिया जा रहा है। जब सरकार ही आदिवासियों के उत्पीड़न को प्रोत्साहित और पुरस्कृत कर रही है, तो ऐसी स्थिति में टीएसी की बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं।

भाजपा, आदिवासी समाज के अस्मिता और उनके अस्तित्व की रक्षा के लिए संकल्पित है। सड़क से लेकर सदन तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

सरना धर्म कोड पर भाजपा के आरोपों को झामुमो ने बताया ढकोसला

# भाजपा को आदिवासियों की चिंता नहीं, सिर्फ सियासी स्वार्थ : विनोद कुमार पांडेय

**सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता का सवाल, भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा द्वारा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर झामुमो पर लगाये गये आरोपों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को आदिवासियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस मुद्दे को उछाल रही है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान का सवाल है, जिसे लेकर झामुमो शुरू से गंभीर रहा है। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया और उनके अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया है। श्री विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने न तो 2014 से पहले और न ही बाद में कभी ईमानदारी से सरना धर्म कोड के समर्थन में कोई पहल की। उल्टे उनकी सरकारों ने वनाधिकार कानून और स्थानीय नीति जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर आदिवासियों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग कोई नयी नहीं है, बल्कि यह वर्षों पुरानी सामाजिक मांग है, जिसे भाजपा अब राजनीति का मुद्दा बना रही है। भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार ने इतने वर्षों में इस कोड को लागू क्यों नहीं किया। केंद्र में 10 साल से ज्यादा समय तक सत्ता में रहते हुए भी भाजपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। उन्होंने भाजपा के बयान को हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि जो पार्टी आदिवासियों की जमीन छीनकर कॉरपोरेटों को सौंपना चाहती है, वह आज घड़ियाली आंसू बहा रही है। झामुमो महासचिव ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार सरना धर्म कोड को लेकर गंभीर है और इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बना रही है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि क्या वह संसद में इस कोड के समर्थन में प्रस्ताव लायेगी या फिर सिर्फ जनभावनाओं को भड़काने का काम करेगी। श्री पांडेय ने अंत में कहा कि जनता अब भाजपा की चालों को समझ चुकी है और आगामी चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# मधु कोड़ा ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

## झारखंड के मौजूदा ज्वलंत मुद्दों पर हुई चर्चा



### 72 घंटे में भुगतान का वादा था पर किसानों को नहीं मिली फसल की कीमत : बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड के हजारों किसान अब भी अपने धान की कीमत का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी किसानों को उनके फसल की कीमत नहीं मिली है। चुनाव से पहले सरकार ने प्रति क्विंटल 3100 रुपये में धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन अब वह भी जुमला साबित हुआ है। हेमंत सरकार ने अन्नदाताओं के साथ धोखा किया है। भुगतान में विलंब के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। सीएम से कहा कि जब आप बांग्लादेशी घुसपैठियों को मंईयां सम्मान योजना की राशि देने के लिए संसाधन जुटा सकते हैं, तो फिर अपने ही राज्य के किसानों के भुगतान में क्या बाधा है। तत्काल धान बेचने वाले सभी किसानों के लंबित भुगतान सुनिश्चित करें।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य के मौजूदा ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। सियासी गलियारों में इस मुलाकात के कई मायने भी निकाले जा रहे हैं। इससे पहले चंपाई सोरेन ने भी बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की थी। इन मुलाकातों से झारखंड की सियासत में एक नये अध्याय की शुरूआत होने की संभावना जतायी जा रही है।

### बाबूलाल के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली मुलाकात

मधु कोड़ा की यह मुलाकात बाबूलाल मरांडी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली औपचारिक मुलाकात है। मधु कोड़ा और बाबूलाल मरांडी की मुलाकात से झारखंड की सियासत में नये समीकरण बनने की संभावना है। इस मुलाकात से राज्य की राजनीति में एक नये अध्याय की शुरूआत हो सकती है।

## आदिवासी अस्मिता का अपमान करना भाजपा की आदत : कांग्रेस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की ओर से बुलायी गयी टीएसी की बैठक का भाजपा की ओर से बहिष्कार करना यह बताता है कि संविधान परंपरा और आदिवासी अस्मिता का अपमान करना भाजपा की पुरानी आदत है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो भाजपा पत्थलगड़ी आंदोलन के दौरान निर्दोष आदिवासियों पर देशद्रोह का मुकदमा करती है। वही भाजपा सरकार पर आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाकर टीएसी का बैठक का बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में लैंडबैंक के नाम पर आदिवासियों की जमीन कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की साजिश रचनेवाली भाजपा ने सीएनटी और एसपीटी एक्ट में भी संशोधन करने का प्रस्ताव लायी थी। सिन्हा ने कहा कि टीएसी की बैठक में भाग न लेकर भाजपा झारखंड के आदिवासी समुदाय को एक बार फिर गुमराह करना चाहती है। भाजपा को अब यह बताना होगा कि वे आदिवासी हितों के साथ है कि नहीं। भाजपा आदिवासी की समस्याओं की चर्चा से क्यों डर रही है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में छापा, 90 लाख रुपये बरामद

**दुर्ग-भिलाई में 30 से ज्यादा जगहों पर छापा**

**लखमा के करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में एसबी और इओडब्ल्यू ने 39 जगहों पर छापा मारा है। दुर्ग-भिलाई के अलावा धमतरी और महासमुंद में ये कार्रवाई की गयी। इसमें 90 लाख रुपये की राशि, सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किये गये हैं। एसबी और इओडब्ल्यू की कई टीमें चार गाड़ियों में सुबह 4 बजे भिलाई पहुंची। एक टीम हाउसिंग बोर्ड स्थित आम्रपाली अपार्टमेंट में अशोक अग्रवाल के घर पहुंची। दूसरी टीम नेहरू नगर में बंसी अग्रवाल और विशाल केजरीवाल के यहां दबिश दी। वहीं खुर्सीपार में विनय अग्रवाल के यहां दस्तावेजों की जांच हुई।

छापे को लेकर राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की ओर से प्रेस रिलीज जारी की गयी है।



### दुर्ग-भिलाई में इन कारोबारियों के यहां कार्रवाई

एसके केजरीवाल, नेहरू नगर, भिलाई, अशोक अग्रवाल, आम्रपाली अपार्टमेंट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिलाई, विनय अग्रवाल, खुसीपार, संजय गोयल, डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल, नेहरू नगर, विश्वास गुप्ता, बिल्डर, दुर्ग, बंसी अग्रवाल, नेहरू नगर, आशीष गुप्ता, डायरेक्टर, आशीष इंटरनेशनल होटल सुपेला, नेहरू नगर स्थित घर में कार्रवाई की गयी है।

बताया गया कि तलाशी के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डेटा, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोना-चांदी, अचल संपत्तियों में निवेश से जुड़े डॉक्यूमेंट सहित 90 लाख से अधिक की नकद राशि बरामद की गयी है।

# सीएम की तत्परता से अलबीना मुंडू को मिला परिवार, पेंशन और आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/ खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्परता से खूंटी जिले की एक आदिवासी वृद्धा महिला अलबीना मुंडू को न केवल उनका बिछड़ा परिवार मिला, बल्कि अब उन्हें वृद्धावस्था पेंशन और सरकारी आवास की सुविधा भी सुनिश्चित की गयी है। यह कार्रवाई एक पत्रकार द्वारा किये गये ट्वीट के बाद शुरू हुई, जिसमें अलबीना की बदहाल स्थिति को उजागर किया गया था। पत्रकार सोहन कुमार सिंह ने ट्विटर पर लिखा था कि मुरहू प्रखंड की कुदा पंचायत की 70 वर्षीय विधवा अलबीना मुंडू एक झोपड़ी में बेहद दयनीय हालत में रह रही हैं, जहां न आवास है, न पेंशन।

जीवनयापन के लिए वह कटहल भापकर खाती हैं और इमली-करंज चुनकर स्थानीय हाट में बेचती हैं, ताकि नमक जैसी बुनियादी चीजें खरीद सकें। उनके शब्द और उनकी झोपड़ी झारखंड की जमीनी सच्चाई को बयान करते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट का संज्ञान लेते हुए खूंटी उपायुक्त को तुरंत राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और अलबीना के हालात की त्वरित जांच करवायी गयी। उपायुक्त ने बताया कि जांच में पारिवारिक विवाद सामने आया था, जिसे सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा, अलबीना के बेटे और बहू को समझाकर उनके साथ रहने को राजी किया गया है।

अलबीना मुंडू जैसी महिलाओं की कहानी यह बताती है कि प्रशासन और समाज की थोड़ी सी संवेदनशीलता भी किसी की जिंदगी बदल सकती है।



### उपायुक्त ने सीएम को दी जानकारी

- अलबीना मुंडू को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कर दी गयी है।
- सरकारी आवास की स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।
- परिवार को पहले से ही राशन कार्ड के जरिए खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा था।

# नये खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द, प्राथमिक सूची तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेल निदेशालय द्वारा रांची जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नये खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी। इस संबंध में प्राप्त लगभग 70 आवेदनों में से 13 उम्मीदवारों की प्राथमिक सूची तैयार कर ली गयी है, जिसे अंतिम मंजूरी के लिए खेल विभाग को भेजा गया है। प्राथमिक सूची में पांच महिला प्रशिक्षकों के नाम भी शामिल हैं, जिससे महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। महिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति से खेल जगत में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत किया जा सकेगा।

### नियुक्ति प्रक्रिया और मानदेय

चयनित प्रशिक्षकों को सुपर स्किल्ड स्तर का मानदेय प्रदान किया जायेगा। जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और खेल प्रशिक्षण की गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा। नियुक्ति प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी, जैसे ही विभाग की ओर से अनुमति प्राप्त होगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेल केंद्र

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खेल केंद्रों को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जैसे कि मांडर, नामकुम और नगड़ी। स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर बेहतर अवसर प्रदान किये जायेंगे।

### विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति

पारंपरिक खेलों के साथ-साथ मलखंभ, लॉन बॉल और वुशू जैसे नये उभरते खेलों के लिए भी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे प्रमुख खेलों के लिए भी प्रशिक्षक रखे जायेंगे।

# आदिवासी छात्र संघ के नाम पर चंदा वसूली वाले सावधान : सुशील उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) की बैठक मंगलवार को करमटोली स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में कहा गया कि कुछ असंवैधानिक और गैर-मान्यता प्राप्त व्यक्ति और संगठनों की ओर से आदिवासी छात्र संघ के नाम पर चंदा वसूली और अवैध धन की उगाही कर रहे हैं। बैठक में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि ऐसे संगठनों की ओर से झूठे कार्यक्रमों के आयोजन जैसी गतिविधियां सामने आयी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो आदिवासी छात्र संघ के नाम का उपयोग निजी स्वार्थ के लिए कर रहे हैं तो वे तत्काल चेत जायें। यह संगठन किसी भी प्रकार की उगाही या गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि समय रहते ऐसे तत्व नहीं रुके, तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### समाज की चेतना और संघर्ष की पहचान है संघ

मौके पर रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनोज उरांव ने मौके पर कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं, यह आदिवासी समाज की चेतना और संघर्ष की पहचान है। इसके नाम पर गलत गतिविधियां न सिर्फ संगठन के प्रति अपराध है, बल्कि पूरे आदिवासी समुदाय की प्रतिष्ठा पर हमला है। हम सबको मिलकर ऐसे लोगों को बेनकाब करेंगे। वहीं मौके पर खिजरी विधानसभा के नामकुम प्रखंड क्षेत्र से आये कई युवाओं ने एसीएस की सदस्यता ग्रहण की। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष ने सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी सूचना, बैनर, पोस्टर या वक्तव्य तब तक साझा न करें। जब तक वह संगठन के केंद्रीय नेतृत्व या अधिकृत माध्यम से जारी न हो। यदि कोई व्यक्ति एसीएस के नाम पर पैसे मांगे, तो तत्काल संगठन को सूचित करें। बैठक में रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव, रांची कॉलेज (डीएसपीएमयू) अध्यक्ष विवेक तिर्की, निशांत तिर्की, अनिकेत तिर्की, विष्णु कुमार, आदित्य केरकेट्टा, अभय तिर्की सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## डॉली बनी कॉमर्स टॉपर, विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड के शैक्षणिक इतिहास में एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब हजारीबाग जिले के चुरचू गांव की छात्रा डॉली कुमारी ने मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की 12वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स स्ट्रीम में 93 .8प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्यभर के सभी 80 सीएम स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया। अपनी असाधारण उपलब्धि से डॉली ने न केवल स्कूल और जिले का, बल्कि पूरे झारखंड का नाम गौरव से उंचा कर दिया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मंगलवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं डॉली के घर चुरचू पहुँचे और परिवारजनों के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक सफलता की खुशी साझा की। उन्होंने डॉली को पुष्पगुच्छ और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया तथा उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की डॉली ने राज्य के शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह इस बात का प्रतीक है कि गांव की बेटियां भी देश की दिशा बदलने का माद्दा रखती हैं। केंद्रीय सरकार ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता हेतु प्रतिबद्ध है। डॉली के पिता शंकर प्रसाद मेहता एक साधारण किसान हैं, जो केवल चौथी कक्षा तक पढ़ सके। मां पुष्पा देवी एक गृहिणी हैं, जिन्होंने नौवीं तक शिक्षा प्राप्त की। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद, परिवार ने डॉली की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। डॉली कहती हैं, मैंने सिर्फ मेहनत और लगन पर भरोसा किया। आर्थिक परेशानियां थीं, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। यह मेरी नहीं, मेरे माता-पिता और शिक्षकों की भी जीत है। डॉली की ऐतिहासिक सफलता से चुरचू गांव में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटीं, और विधायक के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। डॉली के माता-पिता की आंखों में गर्व के आंसू और मुस्कुराहट दोनों नजर आए।

## राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि हजारीबाग डीआइजी संजीव कुमार विशिष्ठ अतिथि कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, एनबीजीके के सतीश गिरिजा, नगर प्रशासक शम्भू कुशवाहा, डीएसपी दिवाकर कुमार, संस्था सचिव मनोज दांगी, अन्या संजीव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का सत्कार पौधा और मोमेंटो देकर किया गया। मौके पर सभी पुराने कार्यकर्ता और सहयोगकर्ता को सम्मानित किया गया और सेवा से स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम की प्रशंसा की गयी। वहीं दूसरे पहर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव, एसडीओ बैजनाथ उरावं, जिप सदस्य नीतू देवी, शान्ति प्रिया, कमलकिशोर विन्दु, सुशांतो चक्रवर्ती, अनादेब सिंह ने भाग लिया। समारोह में संस्थान द्वारा उत्पादित सामग्री लाह चूड़ी, गोबर से निर्मित सामग्री, जैविक आलू का आकर्षक स्टॉल लगाया गया। कार्यकर्म का संचालन अनुराग दांगी ने किया किया। समारोह में संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सरोकार नामक पुस्तक का विमोचन किया और यात्रा नामक फिल्म का प्रस्तुति भी किया गया। डीआईजी संजीव कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की संस्थान को मई 25 वर्षो से जान रहा हूं। संस्थान समाज हित में बेहतर कार्य कर रही है कई बच्चों का जीवन को सवारा है। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा की संस्थान के सहयोग से समाज में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। सोशल मीडिया पर जागरूक करना बहुत ही बेहतर प्रयास है। गोड्डा एसडीओ बैजनाथ उरांव ने कहा कि संस्था की यह यात्रा केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन की कहानी है जो यह दशार्ता है कि जब समुदाय एकजुट होकर अपने बच्चों और भविष्य के लिए खड़ा होता है, तब परिवर्तन निश्चित होता है। संस्थान के रजत जयंती समारोह में समुदाय, स्वयंसेवी कार्यकर्ता, सरकारी प्रतिनिधि, बाल समूहों के सदस्य और सहयोगी संस्थान बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर संस्था के अध्यक्ष रामनंदन प्रसाद, सचिव मनोज दांगी, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, निर्भय कुल के अलावा बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े लोग और कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडाडीह पावरहाउस चौक के समीप सोमवार की रात करीब 9 बजे सड़क पार करने के दौरान तेज रफ़्तार बाइक की चपेट में आने आये एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के ही डंडाडीह निवासी 55 वर्षीय बालेश्वर साव (पिता जागो साव) के रूप में की गयी है। घटना को लेकर मृतक के पुत्र संतोष साव ने बताया कि वे लोग डंडाडीह पावर हाउस के समीप अपने एक नये मकान का निर्माण करवा रहे हैं। रात को उक्त नव निर्मित मकान की देखभाल पिता जी ही करते थे। सोमवार की रात वे मकान के विपरीत दिशा में सड़क पार कर चाय पीने जा रहे थे। इसी दौरान पीपचो की ओर से आ रही एक तेज रफ़्तार बाइक (जे एक 12 आर 4951) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके पश्चात इसकी जानकारी वहां के आसपास के लोगों द्वारा हमलोगों को मिली। इधर आसपास के लोगों ने बताया कि उनके द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने पर घायल बुजुर्ग को एक ई-रिक्शा के माध्यम से ईलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। सदर अस्पताल जाने के क्रम में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर जयनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। बाइक सवार घटना के पश्चात अपनी बाइक को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया है।

## श्री पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया में श्री पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। आज बुधवार को प्रातः में मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली जायेगी, जो अरघवा नदी होलंग पहुंचेगी। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल लेकर हनुमान मंदिर टाटीझरिया पहुंचकर यज्ञ मंडप में कलशों को स्थापित किया जायेगा। यज्ञ वेदियां, यज्ञशाला और पंडाल आदि का काम पूरा कर लिया गया है। यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 21 मई से तीन दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ होगा। 21 मई को जलयात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, महाआरती, भंडारा, प्रवचन, 22 मई को वेदी पूजन, अरणी मंथन, अग्नि प्रकाट्य, विभिन्न धिवास, नगर भ्रमण, महाआरती, भंडारा, प्रवचन, 23 मई को श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति, भंडारा का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ आयोजन को लेकर ग्रामीण पूरे तन-मन-धन के साथ लगे हुए हैं।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने ब्लॉक का किया निरीक्षण

# देर से पहुंचने पर सीओ को लगायी फटकार

**सीओ बीडीओ समय पर ग्रामीणों का समस्याओं का करें समाधान: विधायक रोशन लाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दिन मंगलवार को सुबह लगभग 11:00 बजे अचानक अफरा तफरी का माहौल बन गया हुआ यूं की बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी अचानक बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गये। सर्वप्रथम विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव अंचलाधिकारी के चेंबर में प्रवेश किया तो बड़कागांव अंचलाअधिकारी मनोज कुमार और सीआइ नवल किशोर अनुपस्थित थे। उनके चैंबर से ही अंचलाधिकारी को फोन कर बुलाया गया तो वह 10 मिनट का हवाला देकर घंटो बाद विधायक कार्यालय में पहुंचे। जहां ब्लॉक में आये ग्रामीण विधायक को देखकर उनके सामने अपनी समस्याओं का झड़ी लगा दिये। और देखते ही देखते विधायक का औचक निरीक्षण का कार्य जनता दरबार में तब्दील हो गया। और विधायक कार्यालय का हॉल समस्या लेकर आए ग्रामीण से फूल हो गया। तत्पश्चात सभी ग्रामीण एक-एक कर अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निवारण किया। इसके अलावा सामने उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को समस्या के समाधान को जल्द से जल्द निवारण करने का निर्देश दिया। समस्या लेकर आये ग्रामीणों में से सबसे ज्यादा समस्या अंचल कार्यालय का ही देखा गया और ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के सामने अंचलाधिकारी के द्वारा काम नहीं करने का भी आरोप लगाया जिस पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव अंचलाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों का सबसे ज्यादा समस्या अंचल कार्यालय से संबंधित ही शिकायतें मेरे पास आती है जो बिल्कुल गलत है आगे उन्होंने पदाधिकारी को कहा कि हम ग्रामीण के सेवक है और सेवा करना ही हमारा परम कर्तव्य है जो भी ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर सीओ कार्यालय या बीडीओ कार्यालय में पहुंचते हैं उसका सा समय निवारण होना चाहिए। नहीं तो किसी भी पदाधिकारी को बक्सा नहीं जायेगा।

मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, आजसू पार्टी का केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, सचिव मनोज दांगी, कामेश्वर महतो प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व मुखिया भीखन महतो, घनश्याम कुमार दांगी, गिरेंद्र प्रसाद, रामचंद्र महतो, खाद आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज, कृषि पदाधिकारी पंकज गुप्ता, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, राजस्व कर्मचारी मनीष पाठक, आशीष पासवान, सुबोध सिंह, कैलाश महतो, सचिन कुमार, प्रकाश कुमार, रविंद्र कुमार, राम नरेश ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष फरियादी मौजूद थे।

# स्थानीय, रैयत, ट्रांसपोर्टर और ग्रामीण कन्वेयर बेल्ट का कर रहे विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव से बानादाग कोल स्लाइडिंग तक कोयला का परिचालन कन्वेयर बेल्ट के जरिए हो रहा है। यह कन्वेयर बेल्ट एशिया का सबसे बड़ा कन्वेयर बेल्ट कहा जाता है। कन्वेयर बेल्ट निर्माण से लेकर अब तक इसे लेकर कई तरह के विवाद खड़ा होते रहा हैं। एक बार फिर स्थानीय, रैयत, ट्रांसपोर्टर और ग्रामीण कन्वेयर बेल्ट का विरोध कर रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी दो दिवसीय धरने पर है। धरना के जरिये एनटीपीसी प्रबंधन से मांग किया है कि हाइवा से ट्रांसपोटिंग करने का आदेश निर्गत करें। ग्रामीणों का कहना है कि कन्वेयर बेल्ट चालू होने से 24 घंटा आवाज निकलती रहती है। जिससे ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों का पठन-पाठन भी प्रभावित हो रहा है। रात के समय सोना भी मुश्किल हो रहा है। कई ऐसे वृद्ध है जो बीमार है। उनका जीवन भी इससे प्रभावित हुआ है। तो दूसरी ओर कन्वेयर बेल्ट चालू होने के कारण हाइवा परिचालन पर भी बुरा असर पड़ा है। कन्वेयर बेल्ट शुरू होने के बाद कोयला ढुलाई पर असर पड़ रहा है। लगभग 550 हाइवा एनटीपीसी में कोयला ढूलाई में लगाया गया है। अब उन्हें कोयला ढोने के लिए नहीं मिल रहा है। अधिकतर गाड़ी एक बार ही कोयला ढो पा रहा है। जिस कारण इनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक दबाव भी पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टर मालिकों का भी यह भी कहना है कि इएमआइ भी देने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले दिनों एनटीपीसी के तत्कालीन पकरी बरवाडी के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने बताया था कि पर्यावरण और वन मंत्रालय के निर्देशों के तहत अब खदान से निकला कोयला कन्वेयर बेल्ट के जरिए ही भेजा जायेगा। बड़कागांव खदान से बानादाग कोल साइडिंग तक लगभग 22 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए यह कन्वेयर बेल्ट इस्तेमाल किया जायेगा। 1 अप्रैल 2025 से 3 मिलियन मीट्रिक टन कोयले को अस्थायी रूप से सड़क मार्ग से ले जाया जायेगा, जबकि शेष उत्पादन कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से भेजा जायेगा। कन्वेयर बेल्ट से सड़क मार्ग से होने वाले प्रदूषण में कमी आयेगी और पर्यावरण को लाभ होगा।

## कोडरमा की सड़कों पर पैदल चलना हुआ मुश्किल

# हवा में जहर घोल रहा फ्लाई ऐश

**फ्लाई ऐश दमा, फेफड़े में तकलीफ, टीबी, यहां तक कि कैंसर तक का कारण बन सकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** कई माह बंद रहने के बाद एक बार फिर से कोडरमा की सड़कों पर जहर घोल रहा बांझेडीह केटीपीपी से निकलने वाला फ्लाई ऐश। जिस कारण कोडरमा की सड़कों पर पैदल व बिना हेलमेट मोटरसाइकिल से चलना आज मुश्किल हो गया है। जिले के बांझेडीह स्थित केटीपीपी में हो रहे बिजली उत्पादन के कारण निकल रही रसायनयुक्त राख (फ्लाई ऐश) आस-पास के क्षेत्रों को प्रदूषित कर रहा है। इससे यहां के लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। फ्लाई ऐश दमा, फेफड़े में तकलीफ, टीबी, यहां तक कि कैंसर तक का कारण बन सकता है। वहीं यह भी बताया जाता है कि डोमचांच प्रखंड के अम्बादहा पत्थर खदान को बांझेडीह से निकल रहे फ्लाई ऐश से भरे जाने के कारण जंगल के जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ज्ञात हो कि कोडरमा जिले के बांझेडीह केटीपीपी के ऐश पौंड से फ्लाई ऐश निकालकर उससे डोमचांच प्रखंड में डोमचांच थाना से मात्र एक किलोमीटर दूर स्थित अम्बादहा पत्थर खदान को भरा जा रहा है। साथ ही कोडरमा घाटी होकर भी बिहार भेजा जा रहा है। इसके लिए रोज दर्जनों हाइवा से फ्लाई ऐश ढोया जा रहा है। इससे चंदवारा, कोडरमा, बागीटांड, झुमरीतिलैया, लोकाई, इंदरवा और आस-पास के क्षेत्र प्रदूषित होते जा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर केमिकल मिला हुआ ऐश नदी में बहने से जीव-जंतुओं द्वारा उस पानी को पीने से उन्हें भी नुकसान हो रहा है। साथ ही जंगल में पेड़-पौधों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है।

**मनमाने तरीके से हो रही है ढुलाई, नहीं है बुलर की व्यवस्था:** फ्लाई ऐश की ढुलाई में लगी कंपनी मनमाने ढंग से कार्य करवा रही है। सूत्रों के मुताबिक, किसी खदान को भरने के लिए जो विभागीय शर्तें हैं, उन्हें भी पूरा नहीं किया गया है। लोगों ने कहा कि कोडरमा से लेकर नीरू पहाड़ी तक डस्ट उड़ने से लोगों को रास्ते में आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। फ्लाई ऐश ढोने के लिए बुलर जैसे विशेष वाहन बनाये गये हैं, परंतु कोडरमा जिले में इन नियमों का अनुपालन नहीं हो रहा है।

## आस्था का महापर्व मंडा पूजा और मेला धूमधाम के साथ संपन्न

# दहकते अंगारों पर चलकर भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** भक्ति और आस्था का महापर्व संस्कृति और परंपराओं के साथ शिव भक्तों द्वारा जलते अंगारों पर चलने के बाद 50 फीट ऊंचे लट्ठा में कील से बांधकर परिक्रमा करने के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के राम जानकी मंदिर आयोजित मंडा मेला संपन्न हुआ। महापर्व की शुरुआत एक पखवाड़े पूर्व कलश स्थापना के साथ हुई इस बीच शिव भक्तों द्वारा तपती गर्मी में भी नंगे पांव चलकर घर घर भिक्षाटन किया गया और माता पार्वती को वस्त्र पहनाकर सुशोभित की गयी। साथ ही साथ शिव भक्तों द्वारा संस्कृति और परंपराओं के साथ मधुर गीत गाकर गांव समेत पूरे क्षेत्र को भक्तिमय किया गया। सोमवार शाम मेले का आयोजन किया गया जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गयी। वहीं मेले में मनोरंजन के रंग बिरंगी छोटे-बड़े दुकानें वह बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले व मिठाई की दुकान सजी हुई थी। जिसका आनंद मेले में मौजूद लोगों ने खूब उठाया। मंगलवार सुबह होते ही सभी शिव भक्तों को बारी-बारी से 50 फीट ऊंचे लट्ठे में बांधकर और शिव भक्तों के पीठ में लोहे की कील लगाकर झुलाया गया और इस आयोजन को देखने के लिए बड़कागांव प्रखंड सहित अन्य गांव से भी हजारों हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

मेले को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव पवन कुमार, उपसचिव हरिनाथ राम, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद दांगी, उप कोषाध्यक्ष संजय कुमार, संरक्षक दर्शन प्रसाद कुशवाहा, जयशंकर मेहता, चमन महतो, अंतू महतो, रतन महतो, हरि महतो, पूजा प्रभारी कीर्तन महतो, कैलाश कुमार, आनंद कुमार, अरविंद कुमार, चंदा प्रभारी प्रीतम महतो, चंद्र महतो, सहदेव शाह, रविंद्र लाल, सरजू भुइयां, सरजू राम, विकास कुमार, मीडिया प्रभारी संजय सागर, पिंटू कुशवाहा, संगठन मंत्री मदन महतो, इंदर नाथ महतो, लोकन महतो, रतन महतो, प्रीतम महतो, राजदेव महतो, धूलेश्वर महतो, माहेश्वरी राम, गणेश राम, बल्कु महतो, रोशन कुमार, रानू महतो, परमेश्वर महतो, चंदेश्वर महतो, मटेश्वर महतो, राम चरित्र मानस मंडली में व्यास शंकर ठाकुर, हरिनाथ राम, कीर्तन महतो, बंधन महतो, रामचंद्र महतो डोमन महतो, मुकेश पासवान और पुजारी चिंतामणि महतो, जय धन महतो, अंकित कुमार सोनी, ललन कुमार सोनी, शुभम कुमार आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बच्चों के बीच बैग का वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय अमनारी मध्य विद्यालय में 199 बच्चों के बीच मंगलवार को बैग का वितरण मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडेय और उपमुखिया कौलेश्वर कुमार के हाथों किया गया। विद्यालय के एक से लेकर आठ तक के बच्चों को विभाग की ओर से सभी बच्चों को बैग उपलब्ध कराया गया है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बच्चों को शिक्षा पाने में बच्चों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इसके लिए विभाग पढ़ाई के हर संसाधन उपलब्ध करा रही है। बैग वितरण के रसोईया में जाकर बन रहे माध्यह भोजन का जांच कर गुणवत्ता देखा। मौके पर अध्यक्ष मंसुर अंसारी, सचिव छोटन कुमार रवि, कुलदीप पासवान, उमेश दीन, बलराम कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा समेत अन्य उपस्थित था।

## वज्रपात से युवक की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अल्पीटो पंचायत के ग्राम कमार्टाड़ के 36 वर्षीय निवासी सुनील ठाकुर पिता छोटेलाल ठाकुर की वज्रपात से मौत हो गयी। यह घटना मंगलवार दोपहर की बताई जाती हैं। सूत्रों के अनुसार सुनील ठाकुर अपने नवनिर्माण आवास की छत पर चढ़कर पानी दे रहा था कि इसी दौरान आकाशीय बिजली गिर गयी, जिससे सुनील ठाकुर छत से माथे के बल नीचे जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर मौत हो गयी। बताया जाता हैं कि छत से नीचे जमीन पर गिरने से मृतक का माथा फट गया था जिससे खून का काफी रिसाव हुआ और उसकी मौत हो गयी। जिसे परिजनों और ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा जांच पड़ताल कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं इस हृदयविदारक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग सदर भेज दिया है।

## सेना के सम्मान में इचाक में निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति का दिखा जज्बा




**इचाक (आजाद सिपाही)।** पाक परस्त आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने वाली जल, थल और नभ की तीनों सेनाओं के सम्मान में मंगलवार को इचाक भाजपा पूर्वी और पश्चिमी मंडल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने इचाक बाजार में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार बख्शी ने संयुक्त रूप से किया। यात्रा नया काली मंडा इचाक से प्रारंभ होकर इचाक बाजार, थाना गली होते हुए पुराना काली मंडा में संपन्न हुआ। यात्रा में दोनों मंडल के सभी मंडल पदाधिकारी, मंच मोर्चा के पदाधिकारी के अलावा सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष जय नंदन मेहता, सुभाष सोनी, कोडरमा प्रभारी मुखलाल मेहता, राजकुमार राम, निरंजन कुमार, रवि शंकर प्रसाद उर्फ भोला, हरिहर प्रसाद मेहता, लक्ष्मण प्रसाद मेहता, प्रेमलाल प्रसाद, कंचन प्रसाद मेहता, गणेश पांडे, विनय सिंह, भारत सिंह, दीपक गिरी आदि शामिल थे।

## भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा टाटीझरिया मंडल के द्वारा ऑपरेशन सिंदुर की शानदार सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष कैलाश पति सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, बंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, वीर शहिदों अमर रहे के नारा से गुंज उठा। तिरंगा यात्रा में प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, राजेश यादव, राजु यादव, महेश अग्रवाल, सहदेव यादव, प्रमेश्वर यादव, रजनीकांत चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद, संदीप गंझू, मुकेश कुमार, रोहित महतो, रामेश्वर यादव, लोकनाथ गोप, प्रकाश गुपृता, निखित सिंह, महावीर महतो, अमन गुप्ता, शंकर राम, शंकर प्रजापति, कौलेश्वर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित था।

## ग्रामीणों का आरोप, थाना प्रभारी ने केस में फंसाने की दी धमकी, एसपी से की शिकायत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के आंगो थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदवार के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को एक लिखित आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना प्रभारी ने उन्हें आतंकवादी केस में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी है। एसपी को दिये गये आवेदन के अनुसार गत 14 मई को उन्होंने एक आवेदन देकर थाना प्रभारी को दिया था, जिसमें भू-माफिया दुर्योधन महतो और जयकुमार यादव द्वारा सार्वजनिक जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आगे लिखा है कि 19 मई को दोपहर लगभग दो बजे, जब ग्रामीण शिवलाल मरांडी जो पथ निर्माण विभाग में कार्यरत हैं, से मिलने गये, तो उसी दौरान थाना प्रभारी ने फोन पर उन्हें बुलाकर सिदो-कान्हू चौक पर धमकाया। आरोप है कि थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को धमकाने लगे कि तुम सभी ग्रामीण पुलिस के खिलाफ भड़का रहे हो। हम तुम्हें उग्रवादी बताकर जेल भेज देंगे। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अनुसूचित जनजाति आयोग को भी प्रतिलिपि भेजी है। इस बाबत आंगो थाना प्रभारी से पूछे जाने पर बताया कि यह सब मेरे खिलाफ साजिश है। पूरा मामला मनगढ़ंत है। मैने किसी को अपशब्द भी नहीं बोला हूं। एक व्यक्ति जो अपने निजी स्वार्थ के लिए गरीबों को ठगना चाहता है, मैने उन्हें बचाया है। एसपी अरविंद कुमार सिंह से दूरभाष पर इस मामले पर बात की तो उन्होंने बताया कि अभी मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही इसकी जांच की जायेगी। मामला सही पाया गया तो उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## कुजू कोलियरी से कोयला जब्त



कुजू (आजाद सिपाही)। अवैध कोयला उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर सीसीएल जीएम के निर्देश पर मंगलवार को कुजू कोलियरी के पास तीन नंबर वन क्षेत्र में डोजरिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीसीएल क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग और कुजू पुलिस ने तस्करों द्वारा अवैध उत्खनन कर भंडारण किये गये करीब 15 टन कोयला जब्त किया है। जिसे हाईवा के माध्यम से तोपा परियोजना के कांटा घर ले जाया गया। जहां वजन कराने के बाद जब्त कोयला को सीसीएल कुजू साइडिंग को सुपुर्द किया गया। वहीं, अभियान के दौरान अवैध कोयले के दो मुहानों को डोजर से डोजरिंग कर मिट्टी पत्थर भरकर बंद किया गया। छापामारी अभियान में कुजू ओपी के अनि आशीष गौतम, सीसीएल क्षेत्रीय सुरक्षा बल के हेमंत सिंह, रमेश रावत, अजय कुमार, रॉकेट मुर्मू, चंद्रप्रकाश, शिवधर महतो, खाकुन रविदास समेत सशस्त्र बल शामिल रहे।

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, दिये निर्देश

# स्वास्थ्य केंद्रों में साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान: चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित



कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

**मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा :** उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने और प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स मसय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने और संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### 247 आकस्मिक सेवाएं करें बहाल

मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 247 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने और समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक ले सफल संचालन को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## मलेरिया विभाग की जोनल टीम ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। मलेरिया विभाग की जोनल टीम ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज का निरीक्षण किया। जांच टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लैब, ओपीडी, प्रसव कक्ष समेत अन्य विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम के मलेरिया जोनल टीम महेंद्र पाल ने मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक लिया। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों के परिजनों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए मलेरिया उन्मूलन के बारे में चर्चा कर स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा - निर्देश भी दिया। निरीक्षण दल में मलेरिया विभाग जोनल टीम महेंद्र पाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वेद प्रकाश, बीपीएम संजय सिंहा, एमटीएस राजेश कुमार, एलटी अरविंद कुमार, डॉक्टर विभा कुमारी सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## वर्षों से खड़ा है बीएसएनएल का टावर नेटवर्क चालू नहीं हुआ



कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में वर्षों से लगा बीएसएनएल टावर में आजतक नेटवर्क चालू नही किया गया है। जिससे प्रखंड वासियों को काफी परेशानी का दंश झेलना पड़ रहा है। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से एक दूसरे से मोबाइल से संपर्क नहीं हो पाता है। राशन उठाव के समय डीलर के पास फिंगर लगाने में काफी समय के बाद किसी तरह से उपभोक्ताओं को अनाज मिल पाता है। अध्ययनरत छात्र ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। आम आदमी को वॉट्सएप से जरूरी कागजात या मैसेज भेजने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। नेटवर्क की समस्या की खबर अनेकों बार समाचार पत्रों में प्रकाशित भी किया जा चुका है, लेकिन विभागीय पदाधिकारियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। ग्रामीणों भी अब निराश हो चुके हैं। ग्रामीणों ने एक बार फिर उपायुक्त से नेटवर्क चालू करवाने के लिए पहल करने का आग्रह किया है ।

## करंट लगने से युवक घायल

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को हंटरगंज सीआरपीएफ कैंप के समीप बिजली बहाल करने के लिए ट्रांसफॉर्मर के खंभे पर चढ़कर काम कर रहे मैकेनिक देवनबार गांव निवासी 30 वर्षीय लवकुश कुमार को बिजली की करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल मैकेनिक को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मैकेनिक के कमर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज बिजली विभाग के सुपरवाइजर पिंटू सिंह, मैकेनिक संजीत कुमार, अमरेश कुमार, आशीष कुमार, तनु राज, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मैकेनिक का हाल चाल जाना। हंटरगंज बिजली विभाग सुपरवाइजर पिंटू सिंह ने बताया कि विभाग को इसकी जानकारी दे दी गयी है और मैकेनिक के परिजनों को आश्वासन दिया कि इलाज के लिए विभाग से मदद दिलाई जायेगी।

## सर्पदंश से एक व्यक्ति गंभीर

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के औराडीह गांव में सर्पदंश से बंधु बेदिया गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंधु प्रत्येक दिन की तरह बीती रात को अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात विषैला सांप ने डंस लिया। घटना की जानकारी के बाद ऊपरबरगा मुखिया जीतलाल टुडू ने रिम्स जाकर घायल का हाल-चाल लिया।

## भाजपा नेता ने गरीबों को भोजन करा मनायी विवाह की वर्षगांठ



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए सार्वजनिक जीवन केवल राजनीति नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। अपनी धर्मपत्नी पूजा कुमारी और अपने माता गीता देवी, पिता राजेंद्र प्रसाद, पुत्री दित्या पुटूस और परिवारजनों के साथ अपनी चौथी विवाह वर्षगांठ को धनंजय कुमार पुटूस ने किसी भव्य आयोजन के बजाय गरीबों और जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण कर मनाया। रामगढ़ शहर के रानी सती दादी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में श्री पुटूस और उनकी धर्मपत्नी पूजा कुमारी ने सैकड़ों लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया। इस अवसर पर गरीब और असहाय लोगों के चेहरों पर जो मुस्कान दिखाई दी, वही इस उत्सव की असली पूंजी बनी। श्री पुटूस ने कहा, विवाह वर्षगांठ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण दिन है, और हम इसे उन्हीं लोगों के बीच मनाना चाहते हैं जिनके साथ हम जुड़कर अपने सार्वजनिक जीवन को सार्थक मानते हैं। सेवा ही हमारा संकल्प और संजीवनी है। भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों, रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। एक कार्यकर्ता ने कहा, श्री पुटूस की यह पहल हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करती है कि जीवन के हर विशेष क्षण को सेवा से जोड़ा जा सकता है। यही एक सच्चे जननेता की पहचान होती है। इस अवसर यह स्पष्ट कर दिया कि धनंजय कुमार पुटूस न केवल भाजपा के एक कर्मठ सिपाही हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ खड़े रहने वाले एक जनप्रिय और संवेदनशील नेता भी हैं, जिनका राजनीति का मार्ग सेवा और समर्पण से होकर गुजरता है। इस आयोजन में सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ कई समाजसेवी व भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## विधायक ने दो गांवो में सड़क का किया शिलान्यास

पतरातू (आजाद सिपाही)। डीएमएफटी योजना के तहत पतरातू प्रखंड के सांकुल पंचायत के बीच नम्बर 9 से कन्या मध्य विद्यालय तक सड़क और नाली निर्माण कार्य व पतरातू पंचायत के भगत सिंह चौक से स्टेशन तक सड़क और नाली निर्माण कार्य का बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम पर विधायक के सम्मान में दोनों जगहों पर भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति,मुखिया सुमन भारती, पंसस अंजू कुमारी, ज्योति गुप्ता, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक अजय रवि ब्रजेश सिंह खिरोधर साव परमानंद राजीव कैलाश राम सुजीत गुप्ता सुभाष साव नारायण साव सतीश साव गुड्डू सोनी महेंद्र महतो मिथुन देवी राधा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीणों मौजूद थे।

# जनता मजदूर संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

### विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** जनता मजदूर संघ, सीसीएल कुजू क्षेत्रीय समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर सीसीएल कुजू जीएम कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने की। प्रदर्शन के माध्यम से भारत सरकार कोयला मंत्रालय द्वारा पुराना लेबर कोड को रद्द कर सरकार द्वारा चार नया लेबर कोड लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, भारत सरकार द्वारा कोयला उद्योग से बेज बोर्ड को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, कोयला मजदूरों का अधिकारों का छीनने प्रयास किया जा रहा है, कोयला खदानों को बड़े उद्योगपति के हाथों में बेचने का प्रयास,



न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रति माह सुनिश्चित करने आदि की मांग करते हुए एसओपी कुजू क्षेत्र गिरीशचंद्र को मांग पत्र सौंपा। मौके पर क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने बताया कि कोल इंडिया में आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल किया जायेगा। साथ ही, मजदूरों को हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया गया। धरना प्रदर्शन में उमेश प्रसाद साहू, राजकुमार महतो, रौशन लाल महतो, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार दास, मेघलाल मंडल, आफताब हुसैन, श्रवण करमाली, संत विलास करमाली, ओम प्रकाश अग्रवाल, कपिल मंडल, जानकी महतो, अजय कुमार, मदन महतो, ईश्वर बेदिया, राम लखन प्रसाद, विजय कुमार मोहाली सह सचिव महाप्रबंधक कार्यालय, विगन राम, सत्य प्रकाश मंडा शामिल रहे।

### एचएमएस की बैठक में स्थानीय विधायक को नहीं किया गया आमंत्रित

# एचएमएस की बैठक में नहीं बुलाना दुर्भाग्यपूर्ण : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने और आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा अस्पताल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। नियमानुसार प्रत्येक तीन माह में इस समिति की बैठक होनी है। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन मंगलवार को सदर अस्पताल में आयोजित बैठक की सूचना तक स्थानीय विधायक को नहीं दी गई। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार द्वारा बैठक आमंत्रित करने की सूचना जनप्रतिनिधि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि को पत्र दिया गया, लेकिन उन्होंने बैठक में स्थानीय



विधायक को बुलाना उचित नहीं समझा। जबकि इससे पहले आयोजित होने वाले अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में विधायक के प्रतिनिधि उपस्थित रहते थे। इस पर स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि सदर अस्पताल की व्यवस्था बदतर है। इसमें सुधार के लिए ही अस्पताल प्रबंधन समिति बना है। लेकिन विधायक को नहीं बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस संबंध में सक्षम अधिकारियों से बात कर इस मनमानी की शिकायत करने की बात कही। जब इस मामले सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष का कहना है कि बैठक में किसको बुलाना है या नहीं, यह कमिटी तय करती है। इसके अलावा इस बैठक में बगैर सूचना के गायब सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद को स्पष्टीकरण की मांग किया गया। चार चिकित्सक के सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्ति के बावजूद योगदान नहीं देने पर शोकाज करते हुए 24 घंटा के भीतर जवाब मांगा गया। इसके अलावा अस्पताल परिसर में कैंटीन की व्यवस्था करने का प्रस्ताव पारित किया गया। अस्पताल परिसर में निविदा हो जाने के बावजूद पेवर ब्लाक व रंग-रोगन का काम प्रारंभ नहीं होने पर भवन प्रमंडल से संपर्क कर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अस्पताल में आवश्यकतानुसार मानव बल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया और बैठक में आउटसोर्स कंपनी कमांडो के ठीकेदार को लगातार अनुपस्थित पर दूसरे कंपनी को बहाल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सदर एसडीओ जहूर आलम, डीआरसीएचओ डॉ एलआर पाठक, उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, रेडक्रास के सचिव धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे।

## अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का स्थापना दिवस मनाने को लेकर बैठक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का स्थापना दिवस 16 जून को मनाने की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के मांझी हडाम केन्द्रीय अध्यक्ष बिनोद किस्कू ने किया। जबकि संचालन मरांग परगना केंद्रीय महासचिव दशाई किस्कू और जोगवा कोषाध्यक्ष दीपक टुडू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 जून को सिद्धू कान्हु (एमएमटी) मैदान रामगढ़ में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह में कई दिग्गज लेंगे भाग जिसमें अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि के साथ हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। बैठक में मनोज मुर्मू, नरेश हांसदा, राजकुमार मांझी, मोहन हांसदा, कृष्णा सोरेन, बहाराम सोरेन, सुरेश किस्कू, विजय किस्कू, दिलीप मुर्मू, राजेश मुर्मू, सुनील कुमार टुडू, सोनाराम हेम्ब्रम, राजेश टुडू, सतीश हेम्ब्रम, सतीश मुर्मू, फुलचंद हेम्ब्रम, डियोलाल हांसदा, हेमंत मुर्मू, गंगा मुर्मू, मुन्शी मांझी, शिवलाल हांसदा, शानू सोरेन, चंद्रदेव मरांडी, बलदेव मुर्मू, भरत टुडू, चंदन हेम्ब्रम, जगदीश प्रसाद मरांडी, सुभाष चंद्र हांसदा, लालू सोरेन, कोलेश्वर मांझी सहित अन्य उपस्थित थे।

# 9 जुलाई को देशव्यापी मजदूर हड़ताल को सफल बनाने को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन

**न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा में लाभों का उल्लंघन हो रहा है: अमल घोष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** 9 जुलाई को आहूत देशव्यापी मजदूर हड़ताल को सफल बनाने को लेकर सुभाष चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। शहर में दर्जनों मजदूरों ने मार्च करते हुए, सुभाष चौक के पास नुक्कड़ सभा में शामिल एक्टू जिला सचिव सह प्रदेश उपाध्यक्ष अमल घोषाल ने कहा कि एक्टू सहित तमाम संयुक्त मजदूर युनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों ने पिछले 15 मई को दिल्ली में



एक बैठक के माध्यम से हड़ताल कि तैयारियों कि समीक्षा गयी। साथ ही पहलगाम में हुए घृणित आतंकवादी घटना में 26 निर्दोष लोगों की हत्या और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों की जवाबी कार्रवाई के बाद देश में बन रहे राजनीतिक हालातों पर विचार किया गया। देश भर में वर्तमान गंभीर परिस्थितियों को देखने के बाद देश भक्ति और जिम्मेदार नागरिकों की भूमिका अदा करते हुए संयुक्त मजदूर मंच ने 20 मई का हड़ताल को स्थगित करते हुए आगामी 9 जुलाई 2025 को पुनर्निर्धारित करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों और कर्मचारियों पर हमले जारी हैं। काम के घंटे बढ़ाये जा रहे हैं। वैधानिक न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा में लाभों का उल्लंघन हो रहा है। विशेष कर ठेका श्रमिकों को उनके नौकरी से धड़ल्ले से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा एक्टू आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी मजदूर हड़ताल पर और बड़े जोश के साथ मजदूरों के बीच बड़ी तैयारी के साथ जायेगी। इस अवसर पर एक्टू जिला सह प्रदेश उपाध्यक्ष अमल घोषाल, बृज नारायण मुंडा, नागेश्वर मुंडा, मदन प्रजापति, महादेव गोप, लिला देवी, बरतु मुंडा, आशा देवी, सुकरी देवी, सोमरी देवी, रूदल राय, राजेन्द्र गंझू, बच्चु भुइयां, सुरेश मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, चार गिरफ्तार

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र में पतरातू पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारते हुए चार आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में पुलिस ने रोवाप के जंगल के पास जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा। मौके से 82 हजार रुपये नगद और 52 पत्तों की ताश की गड्डी और पांच बाइक और साईकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार आरोपियों में दिलवार खां रंजीत यादव बिनोद साव लक्ष्मण राम शामिल हैं। कुछ लोग पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। वहीं पुलिस ने चारों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छापामारी अभियान में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सहित सशस्त्र बल शामिल थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या: TRD/OT/04/OHE/NON PB/2025-26 (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: Outsourcing of OHE non power block activities in DHN Division for (02) years कार्य समापन की अवधि-(24) चौबीस माह (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रुपया 5,99,56,525/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य/- (3) बीड सिक्युरिटी: 4,49,800/- (4) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि 16.05.2025 को 11:00 बजे (5) ई-निविदा खुलने की तिथि 16.05.2025 को 11:30 बजे (5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/कर्षण, पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0277/डीएचएन/टीआरडी/टी/25-26/28



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 27 date 17.05.2025, I MANJU TIRKEY, Wife of Late Angnu Tirkey, Resident of H No-12, Hehal Pahar Toli, Hehal, PO-Hehal, P.S.- Sukhdev Nagar, District- Ranchi, Jharkhand-834005. That my son's actual and correct name is SUJEET TIRKEY which is written in his birth certificate being no-B-2024:20-00127001582 dated 02-05-2024. That in his Aadhar Card No.-7357 9550 7489 his name is wrongly written as SUCHIT TIRKEY and my husband's name is wrongly written as LATE ANGUNI TIRKEY. That SUJEET TIRKEY and SUCHIT TIRKEY is the name of one and same person i.e my said son. That ANGNU TIRKEY and ANGUNI TIRKEY is the name of one and same person i.e my said Husband.



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

वरीय मंडल विद्युत अभियंता (विद्युत सामान्य) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा सं: ईएल-11-ओपन-2025-26 (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: कोचिंग डिपो, धनबाद, गोमोह, बरकाकाना, चोपन और सिंगरौली में वाशिंग पिट में प्रकाश व्यवस्था के विस्तार और मुख्य एवं मिनी शेड, पतरातू में विद्युत परिसंपत्तियों के विस्तार के संबंध में विद्युत कार्य। (कार्य समापन अवधि: बारह महीना) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹1,69,57,420.73 (3) बीड सिक्युरिटी: ₹2,34,800.00 (4) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 09/06/2025 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 09/06/2025 को 11:30 बजे के बाद (5) वेबसाइट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता (विद्युत सामान्य) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/0274/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/28



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 7143 दिनांक 08.05.2025। मैं, लता गुप्ता, पति श्री नन्द कुमार गुप्ता, पिता श्याम लाल गुप्ता, उम्र-करीब 66 वर्ष, आधार नं 6799 0445 4215, निवासी ग्राम सोनपुरवा, पो० गढ़वा, थाना गढ़वा, जिला गढ़वा, झारखण्ड राज्य, शपथपूर्वक निम्नांकित बयान करती हूँ:-

1. यह कि मैं LATA GUPTA एवं LATA KUMAR दोनों नामों से जाती एवं पहचानी जाती हूँ तथा उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड जिसका नं0-6799 0445 4215 है जिसमे मेरा नाम Lata Gupta W/o Nand Kumar Gupta, Vill &sonpurwa, P.o-& Garhwa, P.s- & Garhwa, Dist.- Garhwa अंकित है। जो सही व सत्य है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी कागजातों में मेरा नाम LATA GUPTA अंकित है। जो सही व सत्य है।
4. यह कि मैं अपने नाम LATA GUPTA के समर्थन में यह शपथ-पत्र निष्पादित कर रही हूँ।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं ELS_401_cleaning_24-25_11. हेतु खुला ई. निविदा आमंत्रित करती है।

1. कार्य का नाम तथा स्थान: विद्युत लोको शेड, गोमो में तीन साल के लिए विविध सफाई, रख रखाव तथा औद्योगिक कचरों का निष्कासन। स्थान: विद्युत लोको शेड, गोमो, 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,40,87,302.83 रु. (रु एक करोड़ चालीस लाख सत्तासी हजार तीन सौ दो रुपये तथा तिरासी पैसे मात्र), 3. अग्रधन राशि: ₹2,20,400/- रु. (रुपये दो लाख बीस हजार चार सौ मात्र), 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय: 26.05.2025 से 09.06.2025 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक, 5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति:आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in. निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल (हस्तलिखित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुअल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट है।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता/पुमरे/गोमो

पीआर/0279/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/40

# बीएसपी का संकट

बीएसपी सुप्रीमो मायावती अपने फैसलों से सभी को चौंकाती रही हैं और भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर बना कर उन्होंने एक बार फिर यही किया है। हालांकि सियासी मजबूरी में लिए गये इस निर्णय से पार्टी के भीतर का असमंजस और संकट भी सामने आ गया है।

**समर्थकों में सवाल :** पिछले एक साल के भीतर आकाश दो बार पद गंवा चुके हैं और दो बार उनकी वापसी हो चुकी है। उनकी हर वापसी पहले से ज्यादा दमदार रही। इस बार तो उनके लिए मायावती ने नया पद ही बना दिया। आकाश आनंद को लेकर पहले जैसा घमासान मचा था और अब जिस तरह से उनकी वापसी हुई है, उससे बीएसपी समर्थकों के मन में कई सवाल जरूर होंगे।

**विकल्प का अभाव :** दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं, लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं। पार्टी का एकमात्र चेहरा वह खुद हैं। उनके बाद दूसरी कतार के ज्यादातर नेता पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं या निष्कासित कर दिए गये हैं। मायावती ने अपना कोई विकल्प कभी उभरने नहीं दिया। ऐसे में आकाश की वापसी के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

**दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं, लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं।**

**नयी पीढ़ी से दूरी :** मायावती पार्टी को अपनी विशिष्ट शैली में चलाती हैं, समर्थकों से संवाद करने का उनका अपना तरीका है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में वोटर्स की जो नयी पीढ़ी आयी है, वह उस पुराने तरीके से शायद इरढ से कनेक्ट नहीं कर पा रही। उसने बहुजन आंदोलन के संघर्ष को नहीं देखा है। चुनावों को छोड़कर, बाकी वक्त में पार्टी सक्रिय विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखती - न उसने पिछले काफी समय से कोई बड़ा आंदोलन किया है।

**गिरता वोट शेयर :** कन्फ्यूजन में घिरी बीएसपी चुनावों में उतरती तो है, लेकिन अब टक्कर देती हुई नहीं दिखती। पिछले एक दशक में उसका वोट शेयर लगातार नीचे आया है। 2019 आम चुनाव में पार्टी ने जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब उसका वोट शेयर 19.2% था और 10 सीटें मिली थीं। 2024 में अकेले चुनाव लड़ने उतरी बीएसपी का वोट शेयर केवल 9.3% रह गया और खाता भी नहीं खुला। इसी तरह, 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.8% वोट मिले थे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रेम में देह और आत्मा दोनों की जरूरत है अन्यथा व्यक्ति देव होते हुए नरक का राह पर चल पड़े। देह होने से जीवन को संतोष होता है, एक आशा एवं विश्वास मिलता है और आत्मा उस प्यार की आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से पूर्णता को प्राप्त हो जाता है। प्यार चाहे इकतरफा, दुतरफा हो। यह सफल हो या असफल। इस मन रूपी समुद्र के हलचल को शांत करने के लिए प्रेम का गुनाह आवश्यक है। ऐसे में ही सवाल उठता है कि क्या पुरुष और नारी के संबंध का एक ही रास्ता है प्रणय, विवाह और तृप्ति।**

# देवत्व की चाह है प्रेम में हो गुनाह




डॉ मयंक मुरारी

रास्ता भटकी नदियों ने ही नये शहरों की खोज की है। उसी प्रकार जिनके हिस्से प्रेम नहीं आया, उन्होंने ही दुनिया को प्रेम, करुणा और संवेदना का उत्कृष्ट संदेश दिया। इसलिए कहा गया है कि जहां रिक्तता है, वहीं पूर्णता है। शून्य होना ही संपूर्ण होना है। प्रेम में देह और आत्मा दोनों की जरूरत है अन्यथा व्यक्ति देव होते हुए नरक का राह पर चल पड़े। देह होने से जीवन को संतोष होता है, एक आशा एवं विश्वास मिलता है और आत्मा उस प्यार की आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से पूर्णता को प्राप्त हो जाता है। प्यार चाहे इकतरफा, दुतरफा हो। यह सफल हो या असफल। इस मन रूपी समुद्र के हलचल को शांत करने के लिए प्रेम का गुनाह आवश्यक है। ऐसे में ही सवाल उठता है कि क्या पुरुष और नारी के संबंध का एक ही रास्ता है प्रणय, विवाह और तृप्ति। क्या हमारा प्रेम का पथ विश्वास और त्याग के मधुर सुवास में गतिमान नहीं हो सकता है।

यशराज की एक फिल्म थी, दिल तो पागल है। इसमें हीरोइन जब अपने प्रेम को छोड़ कर जाना चाहती है, तब हीरो पूछता है- जाने के पहले एक बात बता दो। क्या तुमने कभी भी, एक दिन के लिए या एक पल के लिए प्यार किया? हिरोइन के पास इस सवाल का जवाब नहीं होता है। कदाचित प्रेम का कोई हद नहीं होता, यह बेहद होता है। धर्मवीर भारती का कालजयी उपन्यास गुनाहों का देवता में उसकी मुख्य पात्र सुधा कहती है- तुम सुधा का चंदर तो कहते हो, फिर क्यों खुद से दुर कर देते हों? काश तुम समझ पाते कि खुले आकाश में इधर-उधर भटकने के बाद तूफानों से लड़ने के बाद मैं कितना आतुर हो उठी हूं। बंधन के लिए, किसी सशक्त डाल पर बने हुए सुखद एवं सुकोमल नीड़ में बसेरा बनाने के लिए। यह अद्भुत उपन्यास है, जो यह सिखाता है कि जीवन के हर मोड़ पर हमें अपने दिल और दिमाग के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। प्रेम के इस जाल में फंसे पात्रों के बीच के संघर्ष को समझना और महसूस करना बहुत ही दिलचस्प है।

**वास्तव में जीवन एक खेल है। इस खेल का अर्थ हार या जीत नहीं है।**




किसी भी आदमी को पूरा जीवन कहां मिलता है जीने को कभी? जीवन के कुछ खास पल को ही हम जी पाते हैं। जिंदगी बस दिन-रात के दरम्यान बस हैरत से देखती ही रह जाती है और समय निकल जाता है। लेकिन प्रेम का रसायन समय के सभी चैहदी के पार चला जाता है। यूनानी दार्शनिक एम्पाक्लेडीज कहता है- जब प्रेम का प्रभाव अपने चरम उत्कर्ष पर होता है, तब अग्नि, जल, वायु और पृथ्वी एक-दूसरे में पूर्णतः विलीन हो जाते हैं। चंदर और सुधा का प्रेम भी कुछ ऐसा ही है। एक-दूसरे में विलीन। वैसे भी जब प्रेम अपने उत्कर्ष पर होता है, तो देह, एक स्थूल मन बन जाता है और मन सूक्ष्म देह। मनुष्य अपने अस्तित्वबोध में पूरी तरह बहने लगता है। कदाचित इसी कारण कहा जाता है कि इस अस्तित्व को धारण करने वाला सर्वोत्तम रसायन प्रेम है।

धर्मवीर भारती ने गुनाहों का देवता के बारे में ऐसा लिखा था कि मेरे लिए इस उपन्यास का लेखन वैसे ही है जैसे पीड़ा के कष्टों में पूर्ण आस्था से प्रार्थना करना...। इस उपन्यास में मुख्य रूप से सुधा और चंद्र के जीवन के बारे में बताया गया है और ज्यादातर चंद्र के दर्शन से आगे बढ़ते हैं। धर्मवीर भारती का यह उपन्यास अप्रतिम है। यह जीवन की उनकी अपार समझ का ही प्रभाव है कि कई बार पाठक कब पवित्रता और देवत्व का बाण टूटेगा...। कब चंद्र या सुधा का पतन होगा? और वे आम इंसानों की तरह एक-दूसरे के समक्ष आत्म-समर्पण कर देंगे। कदाचित संसार भी यही चाहता है, लेकिन भारतीय सभ्यता में कृष्ण-राधा, मीरा-श्याम का प्रेमकथा भी है। भवभूति की रामकथा है। सीता का वनगमन भवभूति का अच्छा नहीं लगता है, तो उन्होंन एक महाग्रंथ की ही रचना कर दी। उत्तररामचरित। इसमें वह माता सीता को वन से पुनः बाहर लाकर प्रभु श्रीराम से मिलते है। कदाचित धर्मवीर भारती भी पतनशील भारतीय समाज के चरित्र से वाकिफ थे। इसलिए वह पाठक को इंतजार करने का बस अवसर देते है कि कब हमारे पुण्यों का देवता गुनाहों के देवता में बदलेगा। उपन्यास के माध्यम से भारतीजी दोनों की पवित्रता की ओर इशारा करते हैं, हालांकि शारीरिक प्रेम की आवश्यकता की तुलना में वे भावात्मक प्रेम की पवित्रता के प्रति अपना दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से प्रकट भी करते हैं।

कहानी की शुरुआत इलाहाबाद के सिविल लाइंस में हमें चंद्रकुमार कपूर (जो अर्थशास्त्र में शोध कर रहे हैं) से होती है, जो अल्फ्रेड पार्क में टहल रहे हैं। उनके संरक्षक एक डॉ शुक्ला हैं, जो चंदर के कॉलेज में वरिष्ठ प्रोफेसर थे। वे लोग श्री शुक्ला की बेटी सुधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वह उसे पुस्तकालय की सदस्यता दिलाने में मदद कर सके। अन्य पात्र भी हैं- एक ठाकुर साहब, एक सहपाठी जो स्पष्ट रूप से खुशमिजाज और मजबूत व्यक्ति है। और दूसरा, रवींद्र बिसारिया, जो पहले एमए का छात्र है और पहले कवि है। फिर सुधा आती है, जो एक चुलबुली और खुशमिजाज लड़की है। जब डॉ शुक्ला (सुधा और चंदर के बीच के प्यार से अनजान) सुधा की शादी करवाने का फैसला करते हैं, तो सुधा यह देख कर चौंक जाती है कि चंदर उस आदमी यानी कैलाश से शादी करने पर जोर दे रहा है जिसे उसके पिता इस तरह सुधा की शादी कैलाश से हो जाती है और चंदर एक पागल यात्रा पर निकल पड़ता है।

भारतीय चिंतन में प्रेम एक अबाद्ध बंधन है, जहां पुरुष हो या स्त्री, वह पूर्णतः तृप्त भी होती है और मुक्त भी। कई बार अकेलापन ही उसकी पूर्णता बन जाती है। गुनाहों का देवता में चंदर का पात्र हर पल मानो कहना चाहता है- क्या बांधेगा संसार मुझे। मेरी चाहत की आबद्धता का कोई छोर नहीं है। यह पूर्णता में विलीन होने का भाव है। वहीं सुधा के लिए प्रेम ज्ञान का हिस्सा नहीं है। यह उसका अस्तित्व है। जितना सहज चंदर प्रेम को लेता है, उतना सुधा नहीं ले पाती। वह सदैव कहना चाहती है कि आज मै तुम्हें ढूंढ़ रही है। तुम्हें, तुम्हारे लिए नहीं, अपने लिए। अपने इस अस्तित्व को संपूर्ण बनाने के लिए। चंदर और सुधा के माध्यम से उपन्यास में आकाश और धरती के अनन्य प्रेम भाव को अभिव्यक्त किया गया है। कभी लगता है कि भारतीय साहित्य का यह उपन्यास अंग्रेजी में या किसी विदेशी लेखक द्वारा लिखा गया होता तो क्या होता! क्या इसे शेक्सपीयर, हर्मन हेंस, फ्रांज काफ्का और चार्ल्स डिकेंस के क्लासिक्स की तरह विश्व साहित्य में स्थान पाती!

वास्तव में जीवन एक खेल है। इस खेल का अर्थ हार या जीत नहीं है। उसी प्रकार प्रेम भी कोई पाने या नहीं पाने का काम नहीं है। इसलिए की जो प्रेम में उलझा है, वह भी ढूंढ़ रहा है। जो नहीं उलझा है, वह किनारे पर खड़ा है और ढूंढ़ रहा है। तो आखिर हम क्या चाहते है? अगर अकेला रहना ही प्रेम की तार्किक परिणति है, तो मनुष्य क्यूं दूसरे की खोज में भटकता फिरता है और जब प्रेम में होता है तो खुद नहीं, दूसरा क्यों महत्वपूर्ण हो जाता है?

चंदर और सुधा के माध्यम से यही प्यार की सार्थक परिभाषा है। यह प्यार के साथ शाश्वत की यात्रा है। प्रेम में होना और प्रेम न होना। जीवन का एक ही क्षण में वृत्त है और उसी क्षण में वह स्थिति वर्ग भी होता है। वर्ग में प्रेम की अनंत भुजाएं और दिशाएं बंद हो जाती है, तो वृत्त में समान दूरी पर सभी दिशाएं मिल जाती हैं। इसलिए कभी-कभी लगता है कि रूसो जब कहता है कि- मैन इज बॉर्न फ्री, बट एवरी व्हेयर ही इज इन चेनस यानी मनुष्य जन्म के समय पूरी तरह से स्वतंत्र होता है, उसके बाद वह चारों ओर से बंधनों में जकड़ जाता है। जीवन एक सरहद है। इसमें देह हो मन का अगल रूप, रस और स्वाद है। न किसी को बदला जा सकता है, न ही किसी को बांधा जा सकता है। सब पवित्र है, सब स्वतंत्र है। नदी की बहती धारा की तरह। अब धारा को रोक कर जीवन को स्वरूप देना है या धारा के साथ जीवन को बहा ले जाना है। यह हमारी खोज पर निर्भर करता है।


**(नोट : यह आलेख प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती की कालजयी कालजयी रचना 'गुनाहों का देवता' पर चिंतन है।)**

## कोल्हान की खबरें

### टीआरएफ ने की सेकेंड इनिंग्स स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना लांच करने की घोषणा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर में टीआरएफ कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए 'सेकेंड इनिंग्स' स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना जल्द लांच करने की घोषणा कर दी। इस योजना में 1 जून से 30 जून 2025 तक स्थायी पदों पर कार्यरत अधिकारियों और यूनियन कर्मचारियों के लिए खुली रहेगी। जिनकी आयु 40 वर्ष या उससे अधिक हो और जिन्होंने 31 मार्च 2025 तक कंपनी में कम से कम 10 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है। टीआरएफ प्रबंधन का यह प्रयास वर्षों से कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए है। सेकंड इनिंग्स योजना के तहत कर्मचारियों को सम्मानजनक और वित्तीय रूप से स्थिर सेवानिवृत्ति का अवसर दिया जायेगा। इस योजना में वर्तमान मासिक सकल वेतन का न्यूनतम 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक भुगतान किया जायेगा। जिसमें एकमुश्त भुगतान या मासिक पेंशन के विकल्प शामिल हैं। इसके अलावा सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष तक कंपनी आवास सुविधा और चिकित्सा सुविधाएं भी जारी रहेंगी। कंपनी का उद्देश्य है योजना के माध्यम से कर्मचारी अपने व्यक्तिगत जुनून को आगे बढ़ाने और संतुष्टि के साथ जीवन का नया अध्याय शुरू कर सकें और कंपनी उनकी वित्तीय आवश्यकताओं का भी पूरा ध्यान रखे। कंपनी के प्रमुख कॉर्पोरेट सेवाएं और संचार कौशिक दत्ता ने इस योजना के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा टीआरएफ हमेशा अपने कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करता रहेगा।

### देवघर से अजिताभ चक्रवर्ती का कालागुजू और चाईबासा सत्संग केंद्र में आगमन, 150 श्रद्धालुओं ने ली दीक्षा



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के कालागुजू स्थित श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के सत्संग केंद्र में मंगलवार को भव्य दीक्षा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवघर से पधारे पूजनीय अजिताभ चक्रवर्ती (टिंकू दा) के आगमन से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा।सुबह से ही सत्संग केंद्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में सत्संगीजन दीक्षा समारोह में भाग लेने के लिए एकत्र हुए।विशेष आकर्षण का केंद्र रहे पूजनीय टिंकू दा के दर्शन और उनके पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।इस पावन अवसर पर दूर-दराज से आए 126 श्रद्धालुओं ने पूजनीय अजिताभ चक्रवर्ती (टिंकू दा) से आशीर्वाद प्राप्त कर श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी की दीक्षा ग्रहण की।दीक्षा ग्रहण समारोह पूरी श्रद्धा,भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में स्थानीय सत्संग समिति के सदस्यों ने व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उसके बाद पूजनीय अजिताभ चक्रवर्ती (टिंकू दा) चाईबासा सत्संग विहार पहुंचे। जहां कई श्रद्धालुओं ने दीक्षा ग्रहण की। समारोह के सफल आयोजन को लेकर ऋतिक गंगा प्रसाद के नेतृत्व में सत्संगियों और आयोजकों ने खुशी और संतोष व्यक्त की।उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनो के लिए कामना की।

### निराश्रित बच्चों को चिन्हित करने के लिए 'साथी' का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निराश्रित बच्चों के लिए प्रारंभ किए गए अभियान 'साथी' के लिए झारंखण्ड में भी अभियान का शुरूवात किया गया।मंगलवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देश पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में साथी अभियान के लिए जिला कमिटी का गठन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य निराश्रित बच्चों को आधार कार्ड बनवाना तथा शिक्षा सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। यह अभियान 26 मई से 26 जून 2025 तक सघन रूप से चलाया जाएगा। ताकि किसी भी निराश्रित बच्चे आधार से वंचित न रहे। अभियान के सफल और समयबद्ध कार्यान्वयन हेतु गठित कमिटी की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव धर्मेंद्र कुमार करेंगे। कमिटी में जिला महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर, जिला चिकित्सा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आधार पंजीकरण प्रतिनिधि प्रिया, बाल गृह एवं अन्य बाल आश्रय के प्रतिनिधि,पेनॉल अधिवक्ता सुगी मुर्म, लक्ष्मी बिरुवा, शमसाद खान, दिनेश कुमार साहू सहित चार पीएलवी सदस्य शामिल हैं।कमिटी गठन के बाद सभी सदस्यों को उनके दायित्वों से अवगत कराने हेतु एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसके साथ ही अभियान को प्रखंड एवं तालुका स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने व निराश्रित बच्चों को चिन्हित कर आधार से जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह अभियान निराश्रित बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।इससे वे शिक्षा और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### सारंडा में वन्य जीव अभ्यारण्य पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से सरयू राय प्रसन्न

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने सारंडा क्षेत्र को वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत किया। मंगलवार को जानकारी देते हुए विधायक ने इसे अपने 16 साल पुराने अभियान की सफलता बताया। विधायक सरयू राय ने बताया सारंडा वन प्रमंडल में क्षेत्र सीमांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में प्रारूप पेश किया जायेगा। इस योजना के तहत 57000 हेक्टेयर क्षेत्र को अभ्यारण्य बनाया जायेगा। जिसमें से 13000 हेक्टेयर भूमि रिजर्व घोषित होगी। श्री राय ने कहा लंबे समय से अधिसूचना न मिलने के कारण यह कार्य अटका हुआ था।लेकिन एनजीटी और फिर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से यह संभव हो पाया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से अब खनन और पेड़ कटाई पर रोक लगेगी। जिससे वन्य जीव और पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

### एनटीएचए का दूसरा समर कैंप सफलता के साथ संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) का दस दिवसीय दूसरा समर कैंप 2025 का आज सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।बीते 11 से 20 मई तक चले कैंप में शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से 190 से अधिक युवा कैडेटों ने भाग लिया। मंगलवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि हेमंत गुप्ता (सीईओ, हॉकी ऐस फाउंडेशन) ने युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट विजय के अपने अनुभव साझा करते हुए समर्पण और अनुशासन का महत्व बताया।समर कैंप में हॉकी प्रशिक्षण के साथ शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती, टीमवर्क और अनुशासन पर भी विशेष जोर दिया गया। एनटीएचए प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने कैडेटों की मेहनत की सराहना की।कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।जिसमे अन्वि कुमार, रबीना माझी, आशीष कुमार, नवजोत सिंह, इशप्रीत कौर सहित अन्य शामिल रहे। एनटीएचए ने आगामी प्रशिक्षण सत्रों की घोषणा की जो 26 मई से हर बुधवार और शनिवार को दोपहर 3:30 से 5:00 बजे तक आयोजित होंगे।

### झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति ने भाषा शहीद दिवस और रवींद्र-नजरूल जयंती का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति के तत्वावधान में भाषा शहीद दिवस तथा कविगुरु रवीन्द्रनाथ ठाकुर और विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य आथिति बंगाल क्लब के अध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता तापश मित्रा उपस्थित हुए।अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत असम के बराक घाटी में बांग्ला भाषा आंदोलन के दौरान शहीद हुए महान आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी। मौके पर समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी ने बीते 25 वर्षों में समिति द्वारा किए गए कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण संदीप सिन्हा चौधरी ने प्रस्तुत की। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतिक्रम कविक समूह द्वारा रवीन्द्र संगीत,नजरूल गीत व कविताओं के माध्यम से महान कवियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित हस्तियों में कवि चन्दन चंदो (साहित्य),डॉ. प्रदीप कुंडू (चिकित्सा),नंदिता सोम (संगीत), हरप्रिया महतो (छउ नृत्य), काजल दास (खेल), मिथिलेश घोष (समाजसेवा एवं सांस्कृतिक संगठन), बलाई पांडा (कानून), अरुण बरुआ (चित्रकला),डॉ. संचिता भुई सेन (शिक्षा),पार्थ चक्रवर्ती (पत्रकारिता) को शामिल रहे।इन सभी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के सदस्यों में विकास मुखर्जी, पूरबी घोष, उदय सोम, नेपाल दास, गोबिंद मुखर्जी, अरूप चौधरी, अरुण दासगुप्ता, बनश्री सरकार, सोमा घोष, दीपिका बनर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### बामनी हिंसक झड़प मामले में आजसू नेता हरेलाल महतो समेत 9 आरोपी बरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के बामनी में चड़क पूजा के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प के मामले में चार साल बाद आजसू नेता हरे लाल महतो समेत नौ आरोपी को न्यायालय ने बरी कर दिया है।

उक्त मामले पर अनुमंडलीय न्यायालय में गत 17 मई 2025 को अंतिम बहस हुआ था। वहीं, आज सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। आजसू नेता हरे लाल महतो एवं अन्य आरोपियों की ओर से झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता आरएसपी सिन्हा ने मामले की सुनवाई के दौरान



अपना पक्ष रखा था, जिसके बाद आज 20 मई को एडीजे सचिदानंद सिन्हा की अदालत ने अंतिम फैसला देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो समेत नौ आरोपियों को बरी कर दिया।

## प्रशिक्षण के बाद 10 छात्रों को बंगलुरु में मिली नौकरी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 10 छात्रों को बैंगलोर स्थित शोभा कंपनी में नौकरी मिली है। इन छात्रों को गुरुकुल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ शंभू राम एवं कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सीओ शंभू राम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कम पढ़े-लिखे युवाओं को हुनरमंद और दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि कम पढ़े-लिखे बच्चों में भी अपार क्षमता होती है और यदि उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए तो वे भी अपनी मेहनत से सफलता पा सकते हैं। इस मौके पर ट्रेनर अमरजीत कुमार, एमआईएस शिवांश राय, आर एसएस पाठक, निरंजन पाठक आदि उपस्थित थे।

## वज्रपात से बैल की मौत, किसान को लगा सदमा

सगमा (आजाद सिपाही)। मंगलवार की दोपहर में अचानक आयी आंधी तूफान के बीच हुई वज्रपात से प्रखंड सोनडीहा गांव में संजय यादव पिता गोपाल प्रसाद यादव के द्वारा कड़ी धूप को देखते हुए अपनी पशुधन को घर के नजदीक बास की छाया में बांध कर रखा गया था, इसी बीच बिजली गिरने से बैल की मृत्यु हो गयी। इस घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में देखा जा रहा है।

## किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज में मनायी गयी संस्थापक की मां की पुण्यतिथि



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में मंगलवार को कॉलेज के संस्थापक एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सा डॉ अनिल कुमार साह की माता किसमति कुंवर की पुण्यतिथि मनायी गयी। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज कर्मियों तथा उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए डॉ अनिल कुमार साह ने कहा कि मेरी मां और पिताजी का सपना था कि मेराल जैसे गरीब और पिछड़े इलाके में शिक्षा की पूरी व्यवस्था हो ताकि यहां के लोगों को आसानी से शिक्षा एवं चिकित्सा की व्यवस्था मिल सके। कार्यक्रम में प्रिंसिपल श्रीकांत चौधरी, विकास कुमार मिश्रा, ओकेंद्र पाल, पंकज कुमार, नर्सिंग से अंजनी कुमारी, ममता कुमारी, तनु प्रिया कुमारी, चित्रलेखा कुमारी, राकेश और सभी छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान

कांडी (आजाद सिपाही)। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गढ़वा-1 के कार्यपालक अभियंता महेश्वरम कुमार द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि झारखंड बिजली वितरण निगम, रांची के निर्देश पर गढ़वा जिले में बिजली चोरी की रोकथाम के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों द्वारा हर सप्ताह औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाये जाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कार्यपालक अभियंता ने जिले की समस्त जनता से अपील की है कि वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें। पकड़े जाने पर संबंधित उपभोक्ता को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## नौडीहवा टोला में फिर एक युवती की संदिग्ध मौत, दो वर्षों में 17वीं मौत से दहशत में ग्रामीण



मृतका की फाइल फोटो।

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के नौडीहवा टोले में युवाओं की रहस्यमय मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सोमवार दोपहर बाद का है, जब टोले की 17 वर्षीय ममता कुमारी ने अपने ही मिट्टी के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ममता और रौशन दोनों प्रेमी जोड़े एक वर्ष पूर्व पति - पत्नी के रूप में अपने (रौशन रजवार के घर में) घर में रह रहे थे। ममता की मौत को लेकर मायके पक्ष ने पति रौशन समेत ससुराल के कई लोगों पर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी और एसआई बिरेंद्र चौड़े मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा भेज दिया। ओपी प्रभारी अंसारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है, दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। गौरतलब है कि इसी टोले में 11 मई को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के विकास रजवार की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। बीते दो वर्षों में यह 17वीं मौत है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस टोले के युवाओं को क्या हो रहा है। घटनास्थल पर मझिगावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभूनाथ शाह, पूर्व मुखिया अरुण मिश्रा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि इन लगातार हो रही मौतों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# बिजली प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आने से एक की मौत

## मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 2 घंटे तक रोका शव

गोंदा के झूमेलवा टोला में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ लगाया गया था विद्युत प्रवाहित नंगा तार

आजाद सिपाही संवाददाता



मेराल। थाना क्षेत्र के गोंदा के झूमेलवा टोला में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ लगाया गया विद्युत प्रवाहित नंगा तार की चपेट में आने से मंगलवार की सुबह में एक अधेड़ की मौत मौके पर ही हो गयी, जबकि मृतक का बड़ा भाई बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार गोंदा गांव में लाईन होटल के बगल में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए विद्युत प्रवाहित नंगा तार लगाया गया था, जिसकी चपेट में झूमेलवा टोला के नंदू कुशवाहा 45 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि मृतक का बड़ा भाई लोकी महतो बाल-बाल बच गया। लोकी महतो के अनुसार दोनों भाई एक साथ लाइन होटल से चाय पीकर खेत के रास्ते अपने घर जा रहे थे। इसी बीच खेत के रास्ते पर लगाया गया नंगा तार को देखकर वे झुक कर पार हो गये, परंतु छोटा भाई नंदू तार में फंस कर गिर पड़ा और तड़पने लगा, जिसे देखकर लोकी महतो ने आसपास से एक डंडा लाकर तार को तोड़ दिया परंतु तब तक देर हो गयी थी। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गये और खेत के चारों तरफ लगाये गये पतला नंगा तार में बिजली करंट लगाने का विरोध करते हुए मुआवजा की मांग करने लगे। खबर मिलने पर पहुंची थाना पुलिस को ग्रामीणों ने शव को उठाने से रोक दिया। बाद में सीओ यशवंत नायक घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझा कर नियमानुकूल मुआवजा दिलाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया, तथा दाह संस्कार के लिए सहयोग के रूप में अपने पास से तत्काल पांच हजार रुपये नगद दिये। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## मनरेगा जेइ और एइ की लापरवाही से अबुआ आवास लाभुकों का मस्टर रोल दो बार हुआ शून्य

जितेंद्र यादव



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनेहारा पंचायत के अबुआ आवास योजना के लाभुकों को मनरेगा योजना से मिलने वाला मजदूरों की मजदूरी कनीय अभियंता व सहायक अभियंता के घोर लापरवाही के कारण मजदूरों का मास्टर रोल दो बार शून्य हो गया। जिससे अबुआ आवास के साथ मनरेगा से संचालित दीदी बाड़ी, बिरसा कूप निर्माण के लाभुक काफी परेशान है। इस दौरान अबुआ आवास के लाभुक गुलशन बीबी, कुसुमरी देवी, मनती देवी, संध्या देवी, साबिर खान, बिमली देवी, मदन साह, वहीं दीदी बड़ी योजना के लाभुक रीता देवी, गीता देवी, आसमा बीबी, सौरुन बीबी व बिरसा कूप निर्माण के लाभुक नागेश्वर यादव, सुनील यादव ने बताया कि कनीय अभियंता व सहायक अभियंता की लापरवाही के कारण मनरेगा योजना से मिलने वाला मजदूरों की मजदूरी का मास्टर रोल पिछले दो बार से शून्य हो जा रहा है। जिससे हमलोग काफी परेशान है। मजदूरों का मास्टर रोल शून्य होने पर लाभुकों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर इसकी लिखित शिकायत बीडीओ देवलाल करमाली से किया है। लाभुकों ने आवेदन में लिखा है कि कनीय अभियंता व सहायक अभियंता की घोर लापरवाही के कारण मनरेगा योजना से मजदूरी मद की राशि का भुगतान हम लोगों का नहीं हो पा रहा है। वहीं आवेदन में लिखा है कि मजदूरी भुगतान को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा एमआर को सिस्टम मे फील कराते कराते थक हार गये, लेकिन आज तक उक्त लोगों के द्वारा हम लोगों का मजदूरी मद की राशि का भुगतान नहीं किया गया। वहीं बीडीसी लालमुनि गुप्ता ने मजदूरों की शिकायत पर कहा कि कनीय अभियंता व सहायक अभियंता के लापरवाही से लाभुकों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्हें मजदूरों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने अभियंताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को लेकर बीडीओ देवलाल करमाली से आग्रह किया है।

**क्या कहते हैं जेई :** मामले में जेई नंद किशोर प्रसाद ने बताया कि कुआं और बागवानी में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और मुखिया द्वारा एमबी उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिस कारण मास्टर रोल शून्य हुआ है। इसमें मेरी कोई लापरवाही नहीं है। वहीं सहायक अभियंता से बात करने कि कोशिश की गयी पर बात नहीं हो सकी।

**पक्ष में:** मामले में पूछे जाने पर बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि अबुआ आवास योजना के मजदूरों को मनरेगा योजना मद से मिलने वाला मजदूरी का भुगतान नहीं होने को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में उचित कार्रवाई की जा रही है।

### आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का पहला इनहाउस कार्यशाला संपन्न

## मन से स्वस्थ बच्चे ही कर सकेंगे बेहतर भविष्य का निर्माण : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा सेशन 2025-26 का पहला इनहाउस ट्रेनिंग आरकेवीएस गढ़वा के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यशाला का विषय 'छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना' की चर्चा की गयी। मौके पर रिसोर्स पर्सन के रुप में देवेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, जागृति चौबे और राहुल सोनी थे। कार्यशाला में विद्यालय के निदेशक ने कहा कि स्वस्थ मन के बिना, स्वस्थ शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती है। जब बात बच्चों के स्वास्थ्य की हो तो इसपर और भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है। कार्यशाला में विषय आधारित एक्टिवीटी भी कराया गया। इस अवसर पर एलके ओझा, अनिता सिन्हा, राजेश पांडेय, राज कुमार, नसरीन हक, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, रुपेश पांडेय, नंदलाल गुप्ता और अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यशाला के अंत में स्कूल के होनहार छात्र तरुण देव के वज्रपात के कारण आकस्मिक देहांत पर शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। निदेशक ने कहा कि स्कूल ने एक होनहार छात्र को खो दिया। इस दुःख की घड़ी में स्कूल परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ है।

## डॉ लालमोहन का पुत्र पंचतत्व में हुआ विलीन

विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने पारिवारिक क्षति बताते हुए जताया दुख, घर पहुंचकर दी सांत्वना

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। प्रखंड मुख्यालय के नेनुआ मोड निवासी विधायक प्रतिनिधि व आनंद मार्ग के सचिव डॉ लालमोहन का पुत्र तरुण कुमार देव का अंतिम संस्कार स्थानीय सरस्वती नदी श्मशान घाट पर आनंद मार्ग विधि से किया गया। अपने पुत्र का मुखाग्नि डॉ लालमोहन ने दी। इससे पहले आनंद मार्ग विधि से विशेष अनुष्ठान किया गया तथा मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। तत्पश्चात बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, झामुमो नेता जवाहर पासवान, जिलाध्यक्ष शंभू राम, संजय भगत, डाल्टनगंज के भाजपा नेता प्रभात कुमार भुइयां, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो सहित स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अपने मेराल प्रखंड के प्रतिनिधि डॉ लालमोहन के इकलौते पुत्र के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए पारिवारिक क्षति है। उन्होंने सोमवार की देर शाम में डॉ लालमोहन के घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। गढ़वा के पूर्व विधायक व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर वज्रपात की घटना में भाजपा नेता डॉ लालमोहन के इकलौते पुत्र तरुण कुमार देव, लखेया के शंभु बैठा एवं रेजो निवासी धर्मेंद्र राम के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि वज्रपात की हृदय विदारक और अत्यंत पीड़ादायक घटना है।


### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची

मध्य विद्यालय बी०एम०पी०–1 डोरण्डा परिसर, राँची–834002

email- jepranchi@gmail.com; dseranchi@gmail.com

**अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2025–26)**

**( KGBV, JABV & NSCB विद्यालयों मे सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु)**

राँची जिला अंतर्गत संचालित 13 कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय (KGBV), 05 झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालयों एवं 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2025–26 में खाद्य एवं अन्यान्य सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित विद्याालय के प्रखंड के संस्थानों/इच्छुक निविदादाताओं से **( पैकेज 1 एवं 2 हेतु प्रखंड बेड़ो, चान्हो, बुड़मू, तमाड़ एवं राँची को छोड़कर तथा पैकेज 4 में प्रखंड चान्हो को छोड़कर )** निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, डोरण्डा, राँची से दिनांक 22.05.2025 से 28.05.2025 तक कार्यदिवस में अपराहन 4:30 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं दिनांक 29.05.2025 अपराह्न 02.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में ( पैकेजवार अलग–अलग लिफाफे में ) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची मध्य विद्यालय बी0एम0पी डोरण्डा परिसर, डोरण्डा, राँची) में जमा कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतू प्रति पैकेज अप्रतिदेय 1000/–(एक हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो "Jharkhand Education Project, Ranchi" के नाम देय हो के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। पूर्ण निविदा हेतू पैकेजों की विवरणी इत्यादि से संबंधित विस्तृत शर्ते तथा अन्य जानकारी हेतू कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची से संपर्क किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी www.dseranchi.com के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,राँची

PR 353032 Jharkhand Education Project Council(25-26).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–1 सिमडेगा
### (जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार)

**प्रेस विज्ञप्ति नं0–01/2025–26**

एतद प्रेस विज्ञप्ति द्वारा निम्नांकित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि उनके नाम के सम्मुख अंकित राशि एक लम्बे अर्से से स्थायी/अस्थयी अग्रिम के रूप में इस प्रमंडल में लम्बित चली आ रही है। उनसे अनुरोध है कि वे जहॉ कहीं भी पदस्थापित है अथवा सेवा निवृत्त हो चुके हैं तथा जहॉ कहीं भी निवास कर रहें हैं, एक माह के अन्दर उक्त राशि को लौटाने की दिशा में उस स्थान से इस कार्यालय में आकर अग्रिम समायोजन की कार्रवाई करें, अथवा कोई अपना पक्ष प्रस्तुत करना हो तो उसे रखें।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक अभियंता, गुण नियंत्रण प्रमंडल (सिंचाई) रॉची | रू0 13,000.00 |
| 2 | मो0 अख्तर अन्सारी, सहायक अभियंता (यॉ) | रू0 17,030.00 |
| 3 | श्री प्रहलाद सिंह, कनीय अभियंता | रू0 2,000.00 |
| 4 | श्री एस.के. सिन्हा, सहायक अभियंता | रू0 1,000.00 |
| 5 | श्री कुन्दन प्रकाश, प्राक्कलन पदाधिकारी | रू0 1,000.00 |
| 6 | श्री शिवशंकर खां, सहायक अभियंता | रू0 1,000.00 |
| 7 | श्री एन.के.सिंह, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल बुण्डू | रू0 2,000.00 |
| 8 | श्री एन.के.सिंह, कनीय अभियंता | रू0 1,000.00 |
| 9 | श्री वशिष्ठ सिंह, कनीय अभियंता | रू0 1,000.00 |
| 10 | श्री दिनेश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रमंडलीय लेखाकार | रू0 1,142.00 |
| 11 | श्री शिव बालक प्रसाद, सहायक अभियंता | रू0 3,884.36 |
| 12 | श्री जगदीश चन्द्र भसीन, " " | रू0 32,271.57 |
| 13 | श्री कैलाश नाथ सिंह, " " | रू0 1718.50 |

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–1 सिमडेगा

PR 353031 Simdega(25-26)#D


# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता लेकर निकाली गयी तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा श्री बंशीधर नगर में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा में शामिल लोग हाथ में तिरंगा लेकर शहर का भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता की जय के साथ सैनिकों को सम्मान में नारे लगाया। उक्त अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि भारत की सेना ने दुनिया को अपने शक्ति और साहस का को परिचय दिया है जो गौरवान्वित करने वाला है। भारतीय सैन्य शक्ति को दुनिया ने देखा। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को बता दिया है कि अब देश आतंकवादी घटनाओं को पूरे दमखम के साथ जवाब देगा। अगर दुबारा दुस्साहस किया तो पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिया जायेगा। वक्ताओं ने इस दौरान वीर जवानों को सैल्यूट किया। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज देश रक्षा मामले में किसी भी देश से कम नहीं है। मोदी के नेतृत्व में विश्व की सबसे ताकतवर देशों में आज शामिल है। नेताओं ने कहा कि मोदी जी ने कह दिया है कि आतंकवाद के विरूद्ध भारत की नीति जीरो टॉलरेंस की रहेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडे, विनय चोबे, ब्रजेश उपाध्याय, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण राम, मुकेश चोबे, विकाश पांडेय, मथुरा राम, शैलेश चोबे, अशोक सेठ, कुमार कनिष्क, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह, सोनू, रिटायर्ड, कैप्टन सुनील कुमार चौबे, अश्विनी कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

## डंडई में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा



डंडई। डंडई प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपाइयों ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पुरानी बाजार से शुरू होकर लवाही मोड़, डंडई मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। इस दौरान यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा ध्वज लिए भारत माता कि जय, बंदे मातरम जैसे देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। यात्रा में शामिल जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता मोहन पासवान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत की सशस्त्र सेना की पराक्रम और अदम्य साहस का परिचायक है। वहीं भाजपा नेता अलख निरंजन प्रसाद ने कहा कि भारतीय फौज की वीरता पूर्ण कार्यों के लिए सभी भारतवासी कृतज्ञ है। भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति ने कहा कि यह यात्रा भारत की संप्रभुता और वीर सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में राजेश प्रसाद गुप्ता, दीनानाथ, विजय, रामसागर राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं सृजन पब्लिक स्कूल के बच्चे शामिल थे।

## हरिहरपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर भाजपा मंडल के द्वारा कुछ दिन पूर्व में हुए आतंकियों के द्वारा पहलगाम में भारतीयों की निर्मम घटना के विरोध में तिरंगा यात्रा मंगलवार की शाम को निकाली गयी। इस मौके पर कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों ने इस तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, देश की एकता बनीं रहें, जो इस देश से टकरायगा चूर चूर हो जाएगा, जैसे नारों का उदघोष किया । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बिनोद दुबे, संतोष कुमार सिंह, रिशु कुमार सिंह, सीताराम चंद्रवंशी, दशरथ पासवान, दीपू शर्मा, हरिनंदन दूबे सहित मौजूद थे ।


### Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
OFFICE OF THE PROJECT MANAGER
SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT
AT & P.O. –SIKIDIRI-835219DIST. RANCHI ( JHARKHAND)

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound agencies / contractors /firms for the following works on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| S. No. | NIT no. | Name of works | Earnest Money to be deposited (Refundable) (Rs.) | Cost of Tender Document (Non-refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06/PR/JUU NL/ 25-26 | Construction of Treated Earth Pit and Cable lying at 132/33/11 KV Switchyard SRHP Sikidiri. | 2,600 /- | 590/- (500+ GST @18%) |
| 2. | 07/PR/JUU NL/ 25-26 | Complete Servicing and Replacement of damaged parts of CGLS System in PH-I & II, SRHP Sikidiri. | 4,500/- | 590/- (500 + GST @18%) |

| | |
|---|---|
| End date & time of sale of BID | 06.06.2025 upto 04:00 PM |
| End date and time of submission of tender | 07.06.2025 upto 03:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 07.06.2025 at 04:00 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Ranchi – 835219. |
| Contact Number | 9431707312 |

Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.

- Cost of tender Document (cash/DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft (DD) issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel project, Sikidiri, Payable at Ranchi.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase/submission of tender documents shall be entertained.
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.

For any clarification please contact phone no. 9431707312 during office hours

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 353026 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# सांसदों ने की दोषियों पर सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार थाना क्षेत्र के जालिमखुर्द गांव के मेहमान हेरहंज निवासी दुखन प्रसाद की जो कथित रूप से पुलिस की पिटाई के बाद मोत हुई, परिजनों का न्याय को लेकर मंगलवार को प्रदेश भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने उनके गांव पहुंचा। सुबह 10 बजे पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में, प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू चतरा सासद कालीचरण सिह, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम,, पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज सिह सांसद प्रतिनिधि अमरेश सिंह, स्वास्थ्य प्रतिनिधि चंदन सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, राजधानी यादव,मिकु साहु, नागमणि कुमार सहित कई प्रमुख नेता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने दुखन प्रसाद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और न्याय का भरोसा दिलाया। भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, पुलिस ने बीते रात 11 बजे सादे कपड़ों में गांव में जाकर घरों में घुसकर महिलाओं और पुरुषों के साथ मारपीट की। इसी दौरान गंभीर रूप से घायल हुए दुखन प्रसाद की इलाज के क्रम में मौत हो गयी। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे दुखन प्रसाद की हत्या करार दिया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की। एसपी कुमार गौरव को फोन लगाकर निष्पैच जांच करने के लिए कहा गया । उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और प्रशासन को मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए। सांसदों ने यह भी आरोप लगाया कि जब ग्रामीणों ने घटना के विरोध में सड़क जाम किया, तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। साथ ही पुलिस ने सड़क जाम में शामिल कई निर्दोष ग्रामीणों और, चौथा स्तंभ के दो पत्रकारों को भी अभियुक्त बना दिया, जो लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला किया है। सांसदों ने कहा कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और निदोर्षों को राहत। वहीं परिवारों को सहायता राशि एक लाख रुपये दिया गया।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में भारतीय जनता पार्टी चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर चंदवा मंडल वासियो के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। श्री गुप्ता ने कहा कि आज देश सेना के कार्य से गर्वान्वित है। तिरंगा यात्रा चंदवा के लातेहार मोड़ स्थित पथ निर्माण विश्रामागार से प्रारंभ होकर चंदवा मेन रोड होते सुभाष चौक पीपल निचे बस होते हुये बाईपास कंचन नगरी होकर लातेहार मोड़ इंदिरा गांधी चौक पर समापन हुआ। मौके पर संबोधित करते हुये भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि हम सभी भारतवासियों को अपने यशस्वी प्रधानमंत्री पर गर्व है कि उन्होंने आतंकवादियों को धूल चटाने का काम किया। सफल नेतृत्व करते हुए सिर्फ आतंकवादी जो दोषी थे वैसे आतंकवादियों को ही निशाना पर लिए और उन्हें धराशाई करने का काम किया वैसे सेना पर हम सभी भारतवासियों को गर्व है। चंदवा मंडल प्रभारी राज कुमार पाठक ने कहा कि मुझे गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री पर सफल नेतृत्व करते हुए सेना को खुली छूट देकर आतंकवादियों पर जो कार्रवाई किए हैं उसके लिए हम सभी उन्हें धन्यवाद देते है और ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आतंकवादी अपना पैर भारत में नहीं पसार सके और इस तरह के हमले का पुर्नवृत्ति ना हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, संजय साव, विजय दुबे, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू, कुलामान साहू, शंकर शाहू, विनय रिकी वर्मा, आदर्श रवि राज,मनीष गुप्ता, रोहित अग्रवाल, चंद्रभूषण केसरी,सूर्यनारायन शाहू,यमुना चौधरी, रामकिशुन गंझु, मुरारी लाल साहू, मनोज पाठक,रिकेश्वर यादव, रविन्दर साहू,रवि पांडुरंगा,बलकू मुंडा, सुनील मुंडा, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री, लाल आशीष नाथ शाहदेव,बबलू कुमार सोनी,बिनोद कुमार गुड्डू, सुनील मुंडा,प्रेम नाथ साहू,बालेसर गंझु, सेठी सिंह, साकिन्दर लोहरा, छोटू कुमार, संटू गुप्ता, मनीष यादव, दुर्गा सिंह,विजय कुमार, संजय साव, छोटे साव,समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# रेजांगला रज कलश यात्रा मनिका पहुंची



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका ।** अखिल भारतीय यादव महासभा ने संगठन के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनजागृति अभियान के तहत मंगलवार को मनिका में रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी के साथ नगर भ्रमण आयोजित किया गया। यादव महासभा की यह स्वर्ण जयंती यात्रा देशभर में भ्रमण कर रही है, जिसका प्रमुख उद्देश्य अहीर समाज को संगठित कर, समाज के युवाओं में जागरुकता फैलाना। उनके अधिकारों की रक्षा करना और देश के लिए बलिदान देने वाले अहीर वीरों की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। रेजांगला युद्ध की ऐतिहासिक गाथा को स्मरण करते हुए यादव महासभा के लोगों ने बताया कि यह युद्ध 18 नवंबर 1962 को भारत और चीन के बीच लद्दाख स्थित रेजांगला दर्रे पर लड़ा गया था। इसमें भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी, जिसे अहीर कंपनी कहा जाता है, ने असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए मात्र 120 सैनिकों के साथ 1300 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था। भीषण ठंड, अत्यल्प हथियार और सीमित भोजन के बावजूद जवानों ने आखिरी सांस तक लड़ते हुए 114 वीर जवानों की शहादत दी। यह युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास की सबसे वीरतापूर्ण लड़ाइयों में गिना जाता है और आज भी यह देशभक्ति और बलिदान का प्रतीक बना हुआ है। इन्हीं वीरों की स्मृति में, रेजांगला की पावन धरती से लायी गयी मिट्टी से भरे पवित्र कलश को अखिल भारतीय यादव महासभा ने देशभर में यात्रा निकाला गया है। यह कलश सोमवार की शाम पलामू पहुंचा। जहां एक सभा का आयोजन कर लोगों को राष्ट्रभक्ति तथा अहीर रेजिमेंट की मांग के प्रति जागरूक किया गया। मंगलवार की दोपहर नामुदाग पेट्रोल पंप से हजारों की संख्या में यादव समाज के लोग एकत्रित होकर नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस रैली मे अहीर रेजिमेंट के समर्थन मे नारे लगाये गये। जहां श्रद्धांजलि अर्पित कर कलश को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस आयोजन के माध्यम से केंद्र सरकार से अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को जोरदार ढंग से उठाया गया, साथ ही जाति आधारित जनगणना के निर्णय की सराहना करते हुए केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया गया। कलश यात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिताम्बर दास , संयोजक सविता यादव द्वारा किया जा रहा है। यह अभियान देश के कोने-कोने में पहुंचकर समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर बृंद बिहारी यादव, युवा जिलाध्यक्ष बच्चन कुमार यादव, अखिलेश यादव, सेठा यादव, सागर यादव, समेत हजारों यादव समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने रेजांगला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अहीर समाज की एकता का परिचय दिया।

# आंधी-तूफान से कच्चे मकान पर गिरा विशाल पीपल, परिवार बेघर



**लोहरदगा (आजाद सिपाही )।** लोहरदगा में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे आई तेज आंधी और बारिश ने कहर बरपा दिया। बक्शीडीपा ढोडा टोली में रहने वाले ठिबु उरांव के कच्चे मकान पर एक विशाल पीपल का पेड़ गिर गया, जिससे पूरा मकान ढह गया और घर में रखा सारा सामान मलबे के नीचे दबकर बर्बाद हो गया। हादसे के वक्त ठिबु उरांव मजदूरी के सिलसिले में ईंट भट्ठा गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे घर पर मौजूद थे। पेड़ गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के लोग सहम उठे। गांववालों की मदद से किसी तरह परिवार को बाहर निकाला गया। हालांकि जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घर पूरी तरह तबाह हो गया। ठिबु उरांव की पत्नी ने रोते हुए बताया कि उनका यही एकमात्र सहारा था, जो अब नहीं बचा। उन्होंने कहा कि पति बाहर मजदूरी कर रहे हैं और अब छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां जाएं, कुछ समझ में नहीं आ रहा। घटना के बाद से पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। गांव के लोगों ने सहायता देने की कोशिश की है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई मदद नहीं पहुंची है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत और पुनर्वास मुहैया कराया जाए, ताकि वे फिर से जीवन की पटरी पर लौट सकें।

# फुटकल का पेड़ गिरने से मुख्य सड़क घंटों रही बाधित

**लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कुटमू फिकवा टोली में मंगलवार को बेमौसम बारिश के साथ आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचायी। तेज हवा के कारण फुटकल का एक विशाल पेड़ मुख्य मार्ग पर गिर गया, जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया राजू उरांव ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों और जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ को हटवाया और सड़क को जल्द से जल्द आवागमन के लिए चालू करवाया। प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र में कई लोगों के मकानों, दीवारों और पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है। घटनास्थल पर समाजसेवी मनीष उरांव, गणेश उरांव, महेंद्र उरांव, चरकु उरांव, सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे ।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**लातेहार(आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी- अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, कस्तुरबा गांधी विद्यालय में नामांकन से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा।** भाजपाइयों के नेतृत्व में सेना के सम्मान में प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुआ तिरंगा यात्रा, जिसमें स्कूली छात्र - छात्राएं सहित प्रखंड के गणमान्य लोग शामिल हुए। विदित हो कि सेन्हा में प्रखंड स्तरीय भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र छात्राओं और विहिप के सौजन्य से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा के दौरान सेन्हा में भारतीय सेना की शौर्य पराक्रम और वीरता पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। वहीं शोभा यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध समिति का सहसचिव विजय सोनी,उपाध्यक्ष केदार साहू, संरक्षक रामकिशोर शुक्ला,सदस्य नवल साहू, अवधेश साहू,विहिप के रामलगन महतो,भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ साहू, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, संस्थापक सदस्य रामलाल महतो,तिरंगा यात्रा में शामिल थे। वही तिरंगा यात्रा शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के प्रांगण से होकर धोबी मुहल्ला,महतो मुहल्ला,सती मंदिर सहित पूरे प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण कर पशुपालन अस्पताल के समीप प्रांगण में संपन्न हुआ। तिरंगा यात्रा के क्रम में भारत माता की जय, भारतीय सैनिक जिंदाबाद, वंदे मातरम, पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद की जयघोष करते भ्रमण किया जा रहा था। तिरंगा यात्रा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा के छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। भारतीय सेना की शौर्यता का गुणगान पर संपूर्ण देशवासी में खुशी की लहर है। तिरंगा यात्रा की समाप्ति पर जिला विजय सोनी ने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर सैलानियों को जान से मारा तो भारतीय जांबाज वीर सैनिकों द्वारा अपनी शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान की सीमा के अंदर घुस कर आतंकवादियों का कुनबा को नेस्तनाबूद कर दिया गया। वही प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना पर हम सबों को गर्व है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत इकलौता देश है जो परमाणु संपन्न देश के अंदर घुस कर आतंकवादियों को लक्ष्य कर भेदने में कामयाबी हासिल किया है। इस अवसर पर भाजपा और विहिप के कार्यकर्ता और विद्यालय के छात्र-छात्राएं समेत सैकडों ग्रामीण भी शामिल थे।

# लोहरदगा के खिलाडियों का डॉ भीम राव आंबेडकर नेशनल गेम में शानदार प्रदर्शन



**कुडू(आजाद सिपाही)।** दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय 7वें डॉक्टर भीम राव आंबेडकर नेशनल गेम में एक बार फिर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जिला कराटे संघ लोहरदगा की क्राटेकारों ने तीन स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। 16 से 18 मई तक आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल होने 15 मई को कोच अमित सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा की कुल 6 खिलाड़ी रवाना हुई थी। जिन्हें जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जीत की अग्रिम बधाई देकर रवाना किया था। प्रतियोगिता में कराटे में बेहतर प्रदर्शन करते हुए निकिता कुजूर ने एक स्वर्ण एक रजत, रूपरानी कुजूर कुजुर ने एक स्वर्ण और एक काश्य, अनिशा उराव एक स्वर्ण , सुलोचना कुमारी दो रजत, आर्या सिंह एक रजत और काश्य, चंचल कुमारी एक रजत एक काश्य तथा शना प्रवीण ने दो काश्य पदक प्राप्त कर जिला सहित राज्य का नाम रौशन किया है। विजेता खिलाड़ियों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर। फाउंडेशन के चेयरमैन बीके भारत एवं विधायक ओम प्रकाश मंडल ने मेडल और प्रशस्ति पत्र औरं कोच अमित सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानीत किया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**मनिका(आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल समिति मनिका के तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मनिका हाई स्कूल से की गयी। मौके पर कौशल किशोर प्रसाद, छोटू राजा, विश्वनाथ राय,शंकर दुबे, धर्मजीत राय, जय राम राय, रजत कुमार,राजेश राय, मनोज यादव, रामवृक्ष यादव, अंकित कुमार, लव यादव, विकास कुमार, उषा देवी, घनश्याम प्रसाद,अमरदीप कुमार,मुकेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# समर कैंप का आयोजन



**चंदवा।** चंदवा के क्रिएटिव अकैडमी में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें तरह-तरह के एक्टिविटी से बच्चों को मनोरंजन किया कराया गया। विभिन्न प्रकार के यूनिफॉर्म, गर्मी से राहत पाने वाले विभिन्न प्रकार के पकवान और फल फ्रूट समेत कई प्रकार के फनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। विद्यालय के डायरेक्टर मनु कुमार गुप्ता में बताया कि बच्चों में पढ़ाई के साथ, मनोरंजन से उनके मस्तिष्क पर पॉजिटिव असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक संतुलन बनी रहती है। आज के समय मे बच्चे खेल तो खेल रहे है। पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से ज्यादा खेल रहे है। जिससे शारिरिक क्षमता के साथ साथ बौद्धिक विकास कम हो रही है। इस पर परिवार के लोगो को भी घर मे ध्यान देने की जरूरत है। धूल मिट्टी में खेलने से शारीरिक क्षमता बढ़ती और स्वास्थ्य ठीक रहने से बौद्धिक क्षमता भी तीव्र गति से विकसित होती है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे। शिक्षकों ने भी बच्चो के साथ लुफ्त उठाया।

# बीडीओ की अगुवाई में विकास योजनाओं की हुई बैठक



**भंडरा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन मे मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बीपीओ, पंचायत सचिवों, जनसेवक और ग्राम रोजगार सेवकों की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन आवास, 15वें वित्त आयोग और मनरेगा योजना के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना की स्थिति पर चर्चा हुई। बीडीओ ने सभी पंचायतों में दिये गये लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया। बीडीओ ने अधूरे अबुआ आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने की बात कही। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लोग जोड़ें, गड्ढा खोदें अभियान के कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर , आवास कॉर्डिनेटर नितलेंद्र नारायण , मनीष अग्रवाल , पंचायत सचिव महिपाल भगत , अजय भगत , रेखा कुमारी , नवप्रभात कुजूर , जेई रविशंकर कुजूर सहित जनसेवक , रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कैरो में तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 20 मई मंगलवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कैरो में भाजपा की अगुवाई में निकाली गयी तिरंगा यात्रा। विदित है कि पिछले महीने 22 अप्रैल को देश के राज्य जम्मू कश्मीर के पहलगाम घाटी पर पाकिस्तानी आतंकवादियो के द्वारा 27 भारतीय पर्यटकों की धर्म पूछ पूछ कर सुहागिन बहनो का सिंदूर मिटाया गया था 27 निर्दोष लोगों की आतंकबादियो ने नृशंस हत्या कर दी थी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पाकिस्तान के अनेकों आतंक बादी ठिकानों को मिट्टी मे मिलाया। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई मे प्रारंभ हुई,यात्रा मे सशिसुवि के भैया बहने ,भाजपाइयों, व्यवसाईयो ने हाथ में तिरंगा लिए यात्रा प्रारंभ की, जो कैरो नायरा पेट्रोल पंप होते हुए मुख्य सड़क होकर ऊतका ग्राम होकर मुख्य पथ होकर देवी मंडप प्रांगण में समाप्त हुई। अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि उक्त तिरंगा यात्रा भारत सरकार के ऑपरेसन सिंदूर की सफलता और सीमा पर अभी तक डटी भारतीय सेना के उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा में भारत माता की जय,बंदे मातरम,सेना तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है, इन आतंकी ताकत पर,भारत की खुद्दारी अड़ती है, दुश्मन को यह बता दिया चुटकी भर सिंदूर कितनी भारी पड़ती है,यहां व्योमिका और सोफिया जैसी नारी लड़ती है। भारत माता और शिव के सपूत हैं हम, हंसते हंसते घुट विष के पी लेंगे, कश्मीर को भूलो बेटा नहीं तो लाहौर और करांची भी छीन लेंगे के नारे के साथ यात्रा कैरो मुख्य पथ पर गुंजायमांन रहा। इस अवसर पर कैरो थाना एसआई प्रदीप कच्छप थाना के सदल बल, भाजपा के विशेश्वर प्रसाद दीन,बजरंग उरांव, लखन उरांव, सुरज मोहन साहु, श्रवण मुंडा, मनिंद्र शाह, प्रदीप लोहरा, कैलाश महतो,विदेशी राम, शिवचरण तूरी,नसीर आलम,पंकज साहु समेत अनेकों लोग तिरंगा यात्रा में उपस्थित है।

# कीटनाशक सेवन से युवक की हुई मौत

**सेन्हा(आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला निवासी अशोक कुमार पांडेय का पुत्र अमित कुमार पांडेय ने अपने घर में गलती से कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे अमित का हालत बिगड़ने लगी। अमित की स्थिति को देख परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिये लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की निगरानी में प्राथमिक उपचार किया गया, परंतु गंभीर स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही अमित कुमार पांडेय की मौत हो गयी, जिसकी सूचना लोहरदगा सदर थाना पुलिस को मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। सूत्रों के हवाले से पता चला कि युवक अमित कुमार पांडेय का स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ता देख चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया था, परंतु समय से मृतक के परिजनों को एम्बुलेंस नही मिलने के कारण युवक का स्वास्थ्य स्थिति काफी बिगड़ने लगा। जब एम्बुलेंस का व्यवस्था हुआ तो काफी देर हो चुका था, जिसके कारण भी मौत होने का आशंका जतायी जा रही है।

## बैठक में सभी पैक्स में सदस्यता वृद्धि अभियान चलाने का लिया निर्णय



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल कार्यालय में प्रखंड क्षेत्र के पैक्स अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया।बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सखीचंद दास भी उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान मुख्य रूप से पैक्स में सदस्यता वृद्धि अभियान पर चर्चा किया गया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में 23 पैक्स है। सभी पैक्स में 100-100 सदस्य बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। यह अभियान 25अप्रैल से 24 मई 2025 तक चलना है। समीक्षा के बाद पता चला कि अभी तक लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। इसलिए सभी अध्यक्षों को आगाह किया गया कि समय रहते हर हाल में लक्ष्य को पूरा करना है। पैक्स अध्यक्ष अपने अपने पैक्स में शिविर लगाकर अहर्ता रखने वाले सभी किसानों को सदस्य बनाये। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने सभी पैक्स अध्यक्ष को कहा कि सदस्यता वृद्धि अभियान का प्रगति रिपोर्ट संतोष जनक नहीं है, आप सभी को हिदायत दी जा रही कि अपने-अपने पैक्स में किसान गोष्ठी कर सदस्यता वृद्धि अभियान के लक्ष्य को पूरा करें। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कमला देवी, सुरेश प्रसाद यादव, सुदय सिंह, अभय कुमार, बिमलेश पासवान, सुजीत कुमार मेहता, करण सिंह, अयोध्या सिंह, विश्वनाथ सिंह, बलराम समेत कई अन्य पैक्स अध्यक्ष उपस्थित थे।

## एसडीपीओ ने संवेदकों के साथ की समीक्षा बैठक



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने रेहला थाना परिसर में मंगलवार को संवेदकों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य में लगी छोटी, बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विकास कार्यों की गति और सुरक्षा मामले को लेकर चर्चा हुई। क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को निर्बाध प्रगति के जरूरी उपाय की विस्तृत समीक्षा भी की गयी। एसडीपीओ आलोक टूटी ने संवेदकों को सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने के लिये संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारियों को कई निर्देश दिया। ताकि कोई हिंसक, अपराधिक और उग्रवादी घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके। इस क्रम में उन्होंने रेहला, पांडू, विश्रामपुर, उटारी रोड और नावा बाजार थाना प्रभारी सहित नवगढ़ा व नावाडीह कला ओपी प्रभारी को अपने - अपने क्षेत्र के निर्माण कार्य में अवांछित तत्वों के द्वारा डराने धमकाने और रंगदारी जैसे गतिविधियों से कड़ाई से निबटने को कहा। साथ ही विकास कार्यों में किसी तरह की असामाजिक और उग्रवादी कारवाई पर कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। इस संबंध में सड़क, पुल व भवन सहित अन्य निर्माण कार्य में लगी छोटी बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी ,रेल निर्माण कार्य के संवेदक व उनके प्रतिनिधि से उनके कार्यों में किसी तरह की बाहरी परेशानी के बारे में जानकारी ली। साथ ही जरूरी सुरक्षात्मक व ऐतिहायत बरतने का आदेश दिया। उन्होंने साथ ही संबंधित थाना पुलिस से तालमेल बनाये रखने को भी कहा। बैठक में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ, नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव सहित क्षेत्र के कई संवेदक मौजूद थे।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सुरक्षा चेतना को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** आरापुर महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा चेतना को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा व संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों को राष्ट्र के प्रति समर्पण व सुरक्षा के प्रति जागृत किया गया। बच्चों को भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम से अवगत कराया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। छाया चित्र के माध्यम से भारतीय सेना के विजय गाथा को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बच्चों को राष्ट्र की सुरक्षा का शपथ भी दिलाया गया। निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने बताया कि चेतना पर आधारित यह कार्यक्रम अतिरिक्त ज्ञान की जानकारी को बच्चों के साथ साझा करने के लिये किया गया है। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में राष्ट्रीय भावना भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही संस्कार व अनुशासन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का भी पाठ पढ़ना बेहद जरूरी है। मौके पर शिक्षिका नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी,रीता देवी, प्रमोद सिंह, मंजीत दीक्षित सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा और कई अभिभावक मौजूद थे।

## हरिहरगंज ब्लॉक में लगी आरओ मशीन खराब, कर्मचारी और आगंतुक परेशान



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी के बावजूद हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड कार्यालय परिसर में लगे आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) मशीन का उपयोग नहीं हो रहा है। जिससे कर्मचारियों और आगंतुकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दोनों प्रखंड कार्यालय में पानी की आपूर्ति के लिए बीते ठंड के मौसम में लाखों रुपये के आरओ मशीन की स्थापना की गयी थी। ताकि ठंड के मौसम में गर्म और गर्मी के मौसम में कर्मचारियों और जनता को स्वच्छ और शीतल जल की सुविधा मिल सके। लेकिन मशीन खराब होने या बिना मेंटेनेंस के कारण इसका उपयोग बंद पड़ा है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों का कहना है कि गर्मी के दौरान पानी की कमी महसूस हो रही है और पानी की सुविधा नहीं मिलने से कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। वहीं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मशीन के ठीक करने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस स्थिति से प्रखंड कार्यालय में आने वाले लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग और कार्यालय के कर्मचारी इस समस्या के शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। ताकि कामकाजी माहौल में सुधार हो सके और पानी की कमी से निपटा जा सके।

# पाटन में युवक ने पत्नी को गोलियों से उड़ाया

**फरवरी में हुई थी दोनों की शादी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के नौडीहा में सोमवार रात नवविवाहिता सिमरन उर्फ सुखू पति विनीत सिंह की गोली लगने से मौत हो गयी। अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से ससुराल पक्ष दरवाजा बंद कर फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। शव का पोस्टमार्टम एमएमसीएच में किया गया और दाह संस्कार मेदिनीनगर के राजा हरिश्चन्द्र घाट पर किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान जानकारी दी गयी कि सिमरन गर्भवती थी। घटना के बाद से नवविवाहिता के पिता समेत अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। बता दें कि 7 फरवरी 2025 को सिमरन की शादी हुई थी।

जानकारी के अनुसार सिमरन को गोली लगने पर उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए एमएमसीएच लाया गया,डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिमरन के सीने में एक गोली मारी गयी थी। गोली आर पार हो गयी थी। घटना की सूचना मिलने पर मेदिनीनगर के कुंड मुहल्ला निवासी और मृतका के पिता बृजेन्द्र सिंह राठौर उर्फ बबलू एमएमसीएच पहुंचे। बेटी की डेड बॉडी देखकर बिलखने लगे। रोते हुए कहा कि 7 फरवरी को बेटी की शादी की थी। जमीन बेचकर 30 से 40 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के अगले दिन दामाद ने बेटी को अपने अवैध संबंध की जानकारी दी। विरोध करने पर विदा कर दिया। शादी करके फंस जाने पर बेटी के सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए ससुराल पक्ष को मामले में काफी समझाया। इस बीच दामाद ने गैर लड़की से अवैध संबंध तोड़ने के लिए 10 लाख रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर बेटी को गोली मार दी गई। हत्या से पहले उसकी पत्नी,बेटा और छोटे भाई की पत्नी ने नौडीहा जाकर दामाद को ठीक से रखने के लिए काफी समझाया था। मांगे गए रुपए जमीन बेचकर जल्द देने की बात कही थी, लेकिन इसके आधा घंटा बाद सिमरन उर्फ सुखू को गोली लगने की जानकारी दी गई। अस्पताल में मौत हो जाने पर ससुराल के लोग डेड बॉडी को छोड़कर मौके से फरार हो गए।

इधर जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गयी। छानबीन के दौरान पता चला है कि मृतका के ससुराल में ताला लगा हुआ है। सारे लोग फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला छतरपुर मुख्य सड़क के चौहान मोड़ के पास दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी।जिसमे एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहेरा हरिजन बीघा गांव निवासी 19 वर्षीय गोल्डन कुमार बताया जाता है, पुलिस दोनो बाइक को कब्जे लेकर शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया। बताया जाता है मृतक की फुफेरे बहन की आज शादी थी। उसी शादी समारोह में भाग लेने अपनी मां -पिता को हुसैनाबाद के खरार पर गांव गया था। दोनों को पहुचाकर वापस अपने घर जा रहा था, उसी क्रम में युवक दुर्घटना का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोगों ने उनकी आकस्मिक मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## ठंड और गर्मी में राहत देना मेरा दायित्व : अरुणा शंकर

**फुटपाथ व्यवसाईयों के बीच छतरी का वितरण कर प्रथम महापौर ने लिया आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर जो ठंड में अलग-अलग जगह निगम से पहले अपने निजी खर्चे से अलाव जलवाने और कड़ाके की ठंड में रात को घूम-घूम कर लोगों से कुशलता पूछते नजर आती रहती थी। आज फिर एक बार इस तपती गर्मी में बेलवाटिका सब्जी बाजार में दोपहर को 12:00 बजे सब्जी एवं फल बेचने वाले व्यवसाईयों को घूम-घूम कर अपने निजी खर्चे से छतरी का वितरण कर आशीर्वाद लेती नजर आई। इस अवसर पर छतरी वितरण करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे फुटपाथ व्यवसाई इस चिलचिलाती गर्मी फिर बरसात में हम सबों के लिए फल और सब्जी उपलब्ध कराते हैं जिन्हें मैं छतरी देकर उन्हें थोड़ी राहत देने की कोशिश कर रही हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने इन्हीं सब व्यवसाईयों के लिए अपने कार्यकाल में आधुनिक सब्जी मंडी का प्रस्ताव पारित किया था जिसका कार्य कांग्रेस भवन के बगल में तेजी से चल रहा है जो जल्द इन्हें उपलब्ध होगा?। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे उस दिन बेहद खुशी होगी जब इन व्यवसाईयों के सर पर एक छत होगा और सम्मान से वेजिटेबल वेंडर मार्केट में यह बैठकर व्यवसाय करेंगे। साथ ही शहर वासी स्वच्छता के साथ कई तरह की सब्जियां एक ही छत के नीचे बड़े शहरों की तर्ज पर खरीद सकेंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं अपने निगम क्षेत्र में घूम-घूम कर धूप में बैठे फुटपाथ व्यवसाययों तक जाने की कोशिश करूंगी ताकि यथासंभव छतरी का वितरण कर पाऊं और उनके कुशल हाल भी पूछ सकूं। प्रथम महापौर ने कहा कि जब तक चुनाव नहीं हो जाता तब तक नगर माता का दायित्व निभाते हुए ठंड और गर्मी में यथासंभव ऐसे लोगों को राहत देना मेरा दायित्व है। प्रथम महापौर ने इस छतरी वितरण अभियान में सहयोग करने के लिए कृष्ण अग्रवाल,अविनाश वर्मा, राजदेव उपाध्याय, इंद्रजीत सिंह डिंपल, भूपेंद्र सिंह होरा,सुनील गुप्ता एवं अन्य भाइयों को तहे दिल से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया है।

## गर्व है हम सभी को अपने देश की सेना और पीएम मोदी पर : शशि भूषण पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर बाजार में सोमवार को ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में चैनपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय, सिकन्दर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अमलेश चौरसिया, महामंत्री मनीष पाण्डेय, मनोज चौधरी, किशन मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास, उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, मंत्री धीरज गुप्ता,लाला पासवान, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, दिनेश प्रजापति, सुजीत पासवान, धर्मदेव सिंह, दिनेश यादव सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकला गया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय का नारा लगाते हुए चैनपुर बाजार का भ्रमण किया जहां चैनपुर बाजार स्थित कपूर्री चौक पर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय ने कहा कि देश के आजादी से लेकर अभी तक किए त्याग और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। सासंद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय ने कहा कि भारतीय सेना पहलगाम हमले का बदला ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लेते हुए पूरी दुनिया को अपनी सैन्य ताकत का लोहा दिखाया यह कार्यक्रम सेना एवं शहीदों के सम्मान हेतु समर्पित है।

## प्राथमिकता के साथ चपाकल और जलमीनार करायें दुरुस्त: डीडीसी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज पेयजल समस्या एवं उसके निदान हेतु किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त ने चापाकल एवं जलमीनार मरम्मति की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने इससे संबंधित पंचायत स्तर की रिपोर्ट अप्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने गर्मी के मद्देनजर सभी को गंभीरता से कार्य करने करते हुए चापाकल एवं जलमीनार मरम्मति कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया। उन्होंने अगले तीन दिनों के अंदर पूरी रिपोर्ट संकलित कर प्रस्तुत करने का निदेश दिया, ताकि समस्या का समुचित निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के तहत चापाकल एवं जलमीनार की मरम्मति कराना तथा प्राप्त शिकायत एवं उसका निदान से संबंधित डेटा तैयार करना सुनिश्चित करें। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जेशन होरा, सहायक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में छाया रहा अबुआ आवास और अंचल कार्यालय का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में हुई।पंचायत समिति के बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना व अंचल कार्यालय में अनियमितता का मामला छाया रहा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, उपप्रमुख सुनील सिंह,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चमन कुमार, एमओ अभिषेक कुमार, जेपीएस राधेश्याम राम, बीपीओ अरविंद सिंह के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मियों ने हिस्सा लिया। उप प्रमुख सुनील सिंह ने अंचल निरीक्षक को कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी क्रेशर व माइंस वैध य अवैध चल रहे हैं उसकी सूची प्रमुख को उपलब्ध कराया जाये। साथ ही इस दौरान पंसस मुन्ना पाल ने अबुआ आवास में अनियमितता का मुद्दा उठाया। योजना में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। कहा कि वास्तविक जरूरतमंदों के बजाय संपन्न लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है।इस बाबत प्रमुख ने बीडीओ से पंचायतवार अबुआ आवास की सूची पंसस को उपलब्ध कराने को कहा। पंसस ने भी आरोप लगाया कि सूची में योग्य लाभुकों को रखा ही नहीं गया है। इस पर सदस्यों ने प्रखंड की पांच पंचायत खुरा, सेमरा, महुगांवा, सलतुआ,कंकारी में अबुआ आवास योजना की जांच एक टीम गठित कराने का प्रस्ताव लिया गया। योजनाओं की जांच सांसद प्रतिनिधि, उप प्रमुख, पंसस बेबी देवी, आवास कॉर्डिनेटर बीरबल कुमार के द्वारा करायी जायेगी। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया। बैठक में लिए गए प्रस्तावों पर जल्द कार्रवाई की बात कही गयी। मौके पर पंसस नरेश राम, कविता देवी, कमल किशोर, सरिता कुमारी, शकीना बेगम, अंचल निरीक्षक शशि कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

## पूर्व सैनिकों ने संगठन को प्रशासनिक संरक्षण देने की मांग की, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाह संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों ने मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन देकर सैनिक संगठन को प्रशासनिक संरक्षण और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को आयोजित कराने का आग्रह किया। मौके पर उपस्थित संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि यह संगठन बिते आठ वर्षों से अभी तक कई जन कल्याणकारी एवं देश हित में कार्यक्रम किया गया है जिसमें मुख्य रूप से पेंशनरों की पेंशन समस्याओं की निदान, देश हित संबंधित कई कार्यक्रम का आयोजन करना, एनसीसी कैडेटों एवं अन्य स्कूली छात्र-छात्राओं को सैन्य संबंधित जानकारी देते रहना शामिल है। उन्होंने बताया कि इस अनुमंडल क्षेत्र में अधिकांश जनसंख्या गांव देहात मे निवास करती हैं इसलिए जनता को देश के हालातों से अवगत कराने एवं नवजवान बच्चों को जागरूक करने मे सैनिक संगठन अहम भागीदारी निभा सकती है क्योंकि संगठन के सैनिक किसी भी प्रकार कि आपदा जैसे युद्ध के समय, भुकंप, बाढ़, अगलगी या महामारी की स्थिति से निपटने में सक्षम हैं एवं क्षेत्र के लिए यह संगठन जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए कारगर साबित होगी। इस लिए संगठन को प्रशासनिक संरक्षण होना जरूरी है। अनुमंडलीय पदाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर गौर करते हुए उन्होंने ने भी अपनी सहमति जतायी एवं माना कि संगठन को प्रशासनिक संरक्षण होना चाहिए जिससे सैनिकों कि अनुभव एवं तजुर्बाओं से अनुमंडल क्षेत्र के सभी लोगों को लाभ दिलायी जा सकती है।

# प्रखंड प्रमुख रेशम ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण, मिलीं कई गड़बड़ियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**नौडीहा बाजार/ पलामू।** नौडीहा बाजार प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र के चोरडंडा ग्राम, शाहपुर पंचायत और करकटा पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि मंगलवार को चोरडंडा आंगनबाड़ी सेविका रुक्मणी देवी का केंद्र 7 :47 बजे औचक निरीक्षण किया जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। प्रमुख ने करकटा ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया जहां सेविका और सहायिका उपस्थित थीं। केंद्र आठ बच्चे उपस्थित थे। सहायिका 8:54 मिनट पर लकड़ी वाले चुल्हा को भोजन बनाने के लिए जला रही थी। करकटा के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन आज आठ बजे खुला है। जो कि आंगनबाड़ी केंद्र का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पौष्टिक आहार तीन पैकेट मिलता है। शाहपुर में सेविका शारदा देवी का केंद्र जांच किया गया जहां मात्र चार बच्चे उपस्थित थे। आंगनबाड़ी भवन कि स्थिति जर्जर थी आंगनबाड़ी भवन का दिवाल फट गया था। लोगों ने कहा कि निर्माण के समय संवेदक के द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल करके आंगनबाड़ी भवन को तैयार किया गया था। जिसके कारण 5 वर्षों में ही आंगनबाड़ी भवन टूटने लगा। शाहपुर ग्राम में प्रखंड प्रमुख ने सेविका शबाना खातून के घर में चल रहें केंद्र का जांच किया जहां केंद्र बंद पाया गया। प्रखंड प्रमुख ने सेविका के पति को प्रतिदिन केंद्र खोलने और घर के बाहर आंगनबाड़ी केंद्र का बोर्ड लगाने का आदेश दिया। वहीं शाहपुर में आंगनबाड़ी सेविका नुरजहा का केंद्र जांच किया गया जो आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले पर नाराजगी जताते हुए प्रमुख ने कहा कि कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में जिस प्रकार की घोर लापरवाही बरती जा रही है वह किसी कीमत पर बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। प्रमुख ने कहा कि सीडीपीओ और सुपरवाइजर अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने में असफल साबित हो रहीं हैं। नौडीहा बाजार प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र मनमाने तरीके से चल रहा है। पूर्व में भी आंगनबाड़ी केंद्रों के सुधार के लिए निर्देश दिए गए थे लेकिन सीडीपीओ गम्भीरता से नहीं ले रही है। यह उचित नहीं है। लापरवाह अधिकारियों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मंजीत कुमार मौजूद रहे।

## महिला को पलामू के युवक ने रक्तदान कर बचायी जान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जेलहाता स्थित वनंजा आरोग्य केंद्र में भर्ती गढ़वा जिला के देवगाना ग्राम निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आग्रह पर तलैया निवासी मिंटू दुबे ने रक्तदान कर महिला के इलाज में सहयोग कर जान बचायी।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 7166 दिनांक 19.05.2025 । मै मेरी इलिना तिर्की उम्र लगभग 57 वर्ष पति स्व0 मार्शेल तिर्की ग्राम - कोमड़ो, पो0 - सिकरी, थाना - जारी, जिला - गुमला, झारखंड शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं :- 1. यह कि मै उपरोक्त पता का स्थाई निवासी हूं और मेरा नाम मेरी इलिना तिर्की MERY ELINA TIRKEY है जो कि बिल्कुल सही है । 2. यह कि मेरे स्वर्गीय पति स्व0 मार्शेल तिर्की सीमा सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे और मेरे स्व0 पति मार्शेल तिर्की के सर्विस बुक में मेरा नाम - मेरी इलिना तिर्की दर्ज है । 3. यह कि मेरा आधार कार्ड सं. 8466 8084 4309 है जिसमें मेरा नाम - मेरी तिर्की दर्ज है, बैंक ऑफ इंडिया शाखा - जशपुर में मेरा बचत खाता है जिसमें भी मेरा नाम - मेरी तिर्की दर्ज है ।
4. यह कि मेरी इलिना तिर्की एवं मेरी तिर्की दोनो तरह लिखा गया मेरा है एवं उक्त दोनो नामों की मै एक ही महिला हूँ 5. यह कि मेरे उक्त आधार कार्ड सं. 8466 8084 4309 में एवं उक्त बैंक ऑफ इंडिया शाखा जशपुर के खाता सं. XXXXXXXXXXX में लिखा मेरा नाम मेरी तिर्की के स्थान पर मेरी इलिना तिर्की सुधार किया जाए इस हेतु मै यह शपथ पत्र दाखिल कर रही हूं ।

## बाइक और बस की टक्कर में दो युवकों की मौत

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा अनुमंडल कार्यालय के पास मूनलाइट बस और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गयी। यह घटना उस समय हुई जब दोनों भाई मोटरसाइकिल से परीक्षा लिखने के लिए गुमला जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार लुपुंगपाठ नावाटोली गांव निवासी अमित असुर पिता अनसेलम असुर (25) और अभिनाश असुर पिता सिलबीरयुस असुर (26) सुबह घर से लगभग 8 बजे परीक्षा लिखने के लिए बाइक से गुमला जा रहे थे। तभी चैनपुर के बेंदोरा स्थित अनुमंडल कार्यालय के पास विपरीत दिशा से आ रही मूनलाइट बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में अमित असुर की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अभिनाश असुर बुरी तरह से घायल हो गया। बुरी तरह से घायल अभिनाश असुर को स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमित असुर का सर बुरी तरह से फट गया।

### पति ने आत्महत्या की, दो माह बाद हादसे में पत्नी की मौत, तीन नाबालिग हुए अनाथ

# डीसी ने बच्चों को दिया मदद का भरोसा

ओज जायसवाल/ मदन साहु

**सिसई (आजाद सिपाही)।** महज दो महीने में हंसता खेलता परिवार उजड़ गया। तीन बच्चों के सर से मां पिता दोनों का साया उठ गया। दिलों को झकझोर कर रख देने वाली यह मार्मिक घटना सिसई मुख्यालय से महज करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर कुदरा पंचायत के निमड़ा गांव की है। परिवार का मुखिया संतोष गोप, पत्नी धनकुंवारी देवी के अलावा तीन नाबालिग बच्चों के परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब परिवार का मुखिया ट्रक चालक 37 वर्षीय संतोष गोप ने बीते 12 मार्च 2025 की रात घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संतोष ने आत्महत्या किस कारण किया, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

**पति की अकस्मात मौत के बाद बच्चों के लालन-पालन का जिम्मा मां ने उठाया :** पति के गुजरने के बाद पत्नी धनकुवारी देवी ने अपने अलावा अपने दो बेटों 16 वर्षीय कुलदीप गोप और 12 वर्षीय क्रांति गोप और एक बेटी 4 वर्षीय कोमल कुमारी के शिक्षा और लालन-पालन की जिम्मेवारी का बोझ अपने सर पर उठा लिया। मेहनत मजदूरी कर के वह अपनी जिम्मेदारियों निभाने लगी। लेकिन बदकिस्मती ने पीछा नहीं छोड़ा। पति की मृत्यु के महज दो महीने बाद ही पिछले 13 मई की सुबह नौ बजे मजदूरी के लिए सिसई जाने के क्रम में गांव के समीप स्थित नेशनल हाइवे सड़क दुघर्टना में उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। दो महीने के अंदर ही एक गरीब खुशहाल परिवार के तीन नाबालिक बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब गया।

**पढ़ने और भविष्य संवारने के लिए बच्चों को मददगार की तलाश :** बड़े बेटे कुलदीप गोप ने अपना मैट्रिक का सर्टिफिकेट


बच्चों के माता-पिता की फाइल फोटो।

दिखाते हुए बताया कि वह सिसई प्रखंड मुख्यालय स्कूल यानी ब्लॉक स्कूल से वर्ष 2024 में मैट्रिक पास किया है और आगे शिक्षा के लिए सिसई बीएन जालान कॉलेज में नामांकन फार्म भी भरा था। किंतु उस समय इंटर की पढ़ाई कॉलेज में नहीं होने के कारण नामांकन हुआ और पढ़ने की इच्छा होते हुए भी मजबूरन पढ़ाई छोड़नी पड़ी। दूसरा बेटा क्रांति गोप वर्तमान में पास के सकरौली गांव के सरकारी स्कूल में सातवीं में पढ़ाई करता है, उससे पुछने पर कहा की वो आगे पढ़ना चाहता है लेकिन मां-बाप के नहीं रहने से आगे पढ़ाई कर पाउंगा की नहीं पता है। सबसे छोटी बेटी कोमल कुमारी गांव के अन्य नौनिहालों के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र में जाती तो जरूर है, पर अक्सर रात में जगने और मां-बाप को याद कर अपने दोनों भाईयों से माता पिता को बुलाने की जिद्द कर रोने लगती है।

**स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार :** मृतिका धनकुंवारी देवी के नाम पर 2023-24 में अबुआ आवास योजना के तहत पहला किस्त का भुगतान हुआ है। कुछ मकान निर्माण सामग्री भी घर में उपलब्ध है। किंतु आवास मिलते ही बीते साल सितंबर में धनकुंवारी की सास बुधनी देवी की 7 सितंबर 2024 में मृत्यु हो गयी और इसी साल 12 मार्च 2025 को पति संतोष गोप भी चाल बसा। असामयिक मौत और दयनीय पारिवारिक हालात के कारण घर का निर्माण नही हुआ। अब अचानक धनकुंवारी की मृत्यु से घर बनाने, बच्चों की भविष्य और शिक्षा ग्रहण करने और जीवन-यापन पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

**बच्चों की हर संभव मदद करेगा जिला प्रशासन : डीसी**

**इस संबंध में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आजाद सिपाही के माध्यम से यह मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है। सरकार के द्वारा अनाथ बच्चों के लिए चलने वाली जितनी भी योजनाएं हैं उन सभी का लाभ इस परिवार को मिलेगा। अनाज की वयवस्था कराई जायेगी। बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से तुरंत जोड़ा जायेगा। आवासीय स्कूलों मे नामांकन कराया जायेगा। छात्रवृति दिलायी जायेगी। इसके अलावा भी उनका प्रयास होगा कि उन सभी योजनाओं का लाभ बच्चों को मिले जिसकी बच्चों को जरूरत है।**

## डीडीसी ने चुंदरी पंचायत का किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने मंगलवार को घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ईचा ग्राम स्थित पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से कई सवाल भी पूछे बच्चों ने डीडीसी को कविताएं भी सुनाया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईचा का भी औचक निरीक्षण किया जहां उपस्थित स्वास्थ कर्मी से डीडीसी ने बीपी व शुगर का जांच भी कराया। सिकल सेल एनीमिया के जांच संबंधी जानकारियां ली। जन वितरण प्रणाली दुकान ईचा के संचालक उमा देवी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार के द्वारा जो भी जन वितरण दुकान के तहत लाभुकों को वितरण करने के दिया जाता है उसे ईमानदारी पूर्वक समय से वितरण किया करे। ईचा गांव में एक ही जगह पर छह किसानों के द्वारा लगभग 6 एकड़ में आम का बागवानी किया गया है जिसे देखकर डीसी काफी खुश हुए और किसानों का हौसला भी बढ़ाया किया। जिसके बाद प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय का निरीक्षण किया इस दौरान लाइब्रेरी के संचालक ने डीडीसी के समक्ष बताया कि छत में दरार आ गया है जिससे क्लास रूम में पानी टपकता रहता है जिससे बच्चों को काफी परेशानी होती है। जिस पर डीडीसी ने जल्द से जल्द संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, अशोक कुमार, विजय साहू, कलेश्वर साहू और अरुण साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## थाना दिवस पर जमीन से जुड़े पांच मामलों का निष्पादन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल व थाना के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कई जमीन से संबंधित मामले आए जिसका निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि कुल पांच मामला जमीन से जुड़ा हुआ आया था सभी का निष्पादन कर लिया गया है। कई ऐसे संवेदनशील मामले थे जिस पर दोनों पक्षों को समझा बूझकर मामलों का निष्पादन किया गया और फैसले में दोनों पक्षों की सहमति भी बनी। सीओ ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है अनावश्यक जमीन विवाद को लेकर आपस में विवाद ना करे एक बार थाना दिवस में जरूर आए निश्चित तौर पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अब तक कई लोगों का समाधान किया गया और आने वाले समय में भी समाधान किया जायेगा।

## बिजली की समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव की टीम ने कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भूषण भगत ने राज्य सरकार पर दोषारोपण करते हुए कहा कि बिजली संबंधित मामलों को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं। आज भी बहुत सारे ऐसे गांव हैं जहां पर बिजली पोल कुत्ता और बहुत ऐसे तकनीकी समस्याओं से ग्रामीण ग्रसित हैं। मामलों को लेकर राज्य सरकार को गंभीर होना होगा सभी लोगों के घरों तक बिजली पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। मिशन बदलाव की टीम और कश्मीर मुरमकेला के ग्रामीणों की टीम के संयुक्त तत्वाधान में विद्युत कार्यपालक अभियंता के यहां पहुंचे। मिशन बदलाव की टीम ने बताया कि आगामी आंधी तूफान के वजह से काशीर मुरमकेला में सात आठ बिजली का पोल गिर चुका था। सभी



बिजली के पोल गिरने से पिछले 9 दिनों से बिजली का व्यवस्था ग्रामीणों को नहीं मिल रहा था। ग्रामीण के बच्चे की पढ़ाई लिखाई और सभी चीज बाधित हो रही थी इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की एक आमसभा हुई। आमसभा में यह निर्णय लिया गया कि मिशन बदलाव के तत्वाधान में विद्युत कार्यपालक अभियंता के यहां पहुंच कर सभी समस्याओं को अवगत कराया जायेगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने मामलों को गंभीरता से लिया और सभी बिजली संबंधित समस्याओं को नोट डाउन करते हुए चार दिनों में सभी समस्याओं का समाधान करने का निश्चय किया। मिशन बदलाव के भूषण भगत और बंधन टिक ने बताया कि पिछले 3 महीना पूर्व भरनो जुड़ा में भी ट्रांसफार्मर खराब है और उसे विषय को लेकर मिशन बदलाव की टीम के द्वारा मामलों का अवगत कराया गया था, लेकिन मामलों को विभाग के द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया।

## मांगों को लेकर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा गुमला के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। शिष्टमंडल के माध्यम से उपायुक्त को 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को संबोधित किया गया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जायज बताया। प्रदर्शन में सरकारी, अनुबंध, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आउटसोर्सिंग सहित कई विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों में मांगों को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। महासंघ ने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों




में आंदोलन और तेज किया जायेगा। मुख्य मांगों में वर्षों से रिक्त पदों पर कार्यरत अनुबंध, दैनिक मजदूरी, मानदेय, आउटसोर्सिंग कर्मियों को स्थायी नियुक्ति देना शामिल है। इनमें मनरेगा कर्मी, वन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर, नगर निकाय, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, चालक, रसोइया, सफाईकर्मी शामिल हैं। समान काम के लिए समान वेतन और न्यूनतम मानदेय स्वीकृत जैसे कई मांग शामिल हैं। सभा को भूषण कुमार, जित्तवाहन उरांव, सुनील कुमार, मंजूषा लकड़ा, रघुनंदन वैध, सीताराम मुंडा, सीताराम साहू, प्रवीण कुमार, शिवनारायण सिंह, रणधीर निधि, सूरज कुमार राय, प्रेम प्रसाद, सुधांशु मिश्रा, अनुप नंद, अमित रवि, संजय लकड़ा, नेहरू महतो सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चे और शिक्षक



**भरनो (आजाद सिपाही)।** आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की बड़ी सफलता ने पूरे देश का गौरव बढ़ा दिया है। इस निमित्त भरनो में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के घोष दल के बच्चे और शिक्षक भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू हुआ जो ब्लॉक चौक होते हुए वापस विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्कली बच्चो और भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिन्दुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाये। मौके पर भाजपा अध्यक्ष हरिशंकर शाही ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे देश की सेना की अपार सफलता ने हम सबों को गौरवान्वित किया है, हमारे देश की सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया, देश की सेना पर हमे गर्व है। आज हम सभी अपने देश की सेना के सम्मान में तिरंगायात्रा निकाल रहे हैं। मौके पर संतोष पंडा,अशोक केशरी, मनोहर लाल, संजय गुप्ता, चंद्रमोहन महतो, श्रीकांत केशरी,नीलम गुप्ता,मंजू देवी, कपिल गोप, बिट्टू गुप्ता, सुरेश कुमार राय, सुभानी सहित कई लोग मौजूद थें।

## अपनी आस्था और परंपरा को सम्मान दें : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के बंगरू रेंगोला गांव में नव निर्मित संत जॉन चर्च गिरजाघर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी तथा जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में मिसा पूजा का आयोजन लौवाकेरा के पल्ली पुरोहित फादर जीतन कुजूर तथा फादर दीपक एक्का के नेतृत्व में किया गया। पूजा कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों मसीही विश्वासी और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज का दिन रेंगोला गांव और पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मुझे यह देख कर गर्व हो रहा है कि हमारे क्षेत्र के लोग अपनी आस्था और परंपरा को इस तरह सम्मान दे रहे हैं। विधायक ने कहा



कि इस चर्च में ना सिर्फ धार्मिक आयोजन होंगे, बल्कि यह गांव के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का केंद्र बनेगा। मैं वादा करता हूं कि विकास के हर पहलू में मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। चाहे वह शिक्षा हो, सड़क हो या स्वास्थ्य सेवाएं। विधायक ने कहा कि धर्म और विकास साथ-साथ चलें, यही हमारा प्रयास है। मैं इस पवित्र अवसर पर रेंगोला गांव की जनता को शुभकामनाएं देता हूं और आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का सौभाग्य दिया।

जोसिमा खाखा ने चर्च के निर्माण में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। मौके पर पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, सिमडेगा 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सोरेंग, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, प्रमुख सोनी लकड़ा, मुखिया कांति केरकेट्टा, मुखिया ज्योति लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य रुनम केरकेट्टा, मुखिया पूनम लकड़ा समेत क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## लतरा और मुरूमकेला में जंगली हाथी ने चार घर तोड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव लतरा और मुरूमकेला में जंगली हाथी ने कुल चार लोगों के मकान को क्षतिग्रस्त किया। यह घटना बीती सोमवार के मध्य रात्रि की है। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के कोंसा पंचायत के अंतर्गत गांव लतरा में सोमवार की रात लगभग 10 बजे के आसपास एक जंगली हाथी विचरण करते हुए गांव मे प्रवेश कर गया और ग्रामीण क्रमशः बिरसी होरो (पति स्वः बुधवा मुंडा), मोजेस केरकेट्टा और रामजन साहु के मकान को क्षतिग्रस्त किया। वहीं रात्रि के वक्त ग्रामीणों के द्वारा हो-हल्ला मचाये जाने के बाद वह जंगली हाथी गाँव मुरूमकेला की ओर प्रस्थान कर गया। वहीं ग्राम मुरूमकेला मे रात लगभग 12 बजे के आसपास



ग्रामीण महिला रंथी देवी (पति सुलेन्दर साहु) के मकान को क्षतिग्रस्त किया। ग्रामीणों के द्वारा शोर मचाये जाने के बाद वह जंगली हाथी कारो नदी होते हुए जंगल मे प्रवेश कर गया। इधर मंगलवार की सुबह मे उक्त पीड़ित परिवारों ने पंचायत के मुखिया प्रेमचंद केरकेट्टा को इसकी जानकारी देते हुए मुआवजा दिलाने की मांग रखी। इस पर मुखिया ने तुरंत बसिया के वनपाल लिबनुस कुल्लू को इसकी सूचना दी। वहीं खबर लगते बसिया वन प्रशासन की टीम उक्त प्रभावित सभी गांवो का दौरा कर ग्रामीणों के बीच उक्त जंगली हाथी से बचाव के लिये टॉर्च और पटाखे का वितरण किया। इसके बाद वनकर्मियों ने ग्रामीणों को मुआवजा संबंधी प्रक्रिया के बारे मे जानकारी देते हुए कार्यालय मे आवेदन जमा करने के लिये कहा है।

## भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार प्रखंड में भारत के सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो शौर्य वीरता दिखलाया गया है। उन्हीं सैनिकों के सम्मान के लिए 20 मई 2025 मंगलवार को प्रखंड कामडारा के स्टेडियम मैदान से मिशन चौक तक समस्त नागरिकों द्वारा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष नरेश सिंह की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा निकला गया। पद यात्रा के दौरान भारत जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष बड़ाईक तरकेस्वर सिंह श्याम सिंहा, बबलू रजक, विनायक दास, विजय साहू, अरुण नाथ, संतोष साहू सहित कामडारा प्रखंड के सभी गणमान्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## स्पोर्ट्स

भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आइपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरूआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके।

### बीसीसीआइ का बड़ा फैसला

# अहमदाबाद में होगा आइपीएल का फाइनल

**प्लेऑफ के दो मैच मोहाली में होंगे**

एजेंसी

**मुंबई।** आइपीएल 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जायेगा। यह फैसला मंगलवार को बीसीसीआइ की एक बैठक में लिया गया। बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स



हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आइपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरूआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं। हैदराबाद की टीम लखनऊ में ही रुकेगी हैदराबाद की टीम मंगलवार को बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम ने उड़ान कैंसिल कर दी है। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## 21 से वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड वालीबाल संघ एवं आर्ट ऑफ गिविंग की झारखंड इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 21 मई 2025 से रांची विश्वविद्यालय वॉलीबॉल कोर्ट में किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य रांची जिले के उभरते हुए वॉलीबॉल खिलाड़ियों को तकनीकी एवं बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करना है। प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी एवं प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को बेसिक स्किल, खेल की रणनीतिया एवं टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

## जारी में आंधी-तूफान से दर्जनों पेड़ और पोल गिरे, कोई हताहत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** प्रखंड भर में सोमवार अपराह्न को हुए आंधी और बारिश से लोगों को परेशानी में डाल दिया है। तेज हवा से दर्जनों पेड़ गिर गये हैं। कई जगह पर पेड़ बीच सड़क पर गिर जाने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। वहीं दर्जनों पेड़ बिजली के तार पर गिर जाने के कारण अम्बाटोली क्षेत्र में बिजली गुल है। जानकारी के मुताबिक आंधी में कई जगह पर 11 हजार वोल्ट हाइ टेंशन का तार, पोल और विभिन्न गांव के अंदर एलटी लाइन के तार टूट कर पड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के सीकरी सहित श्रीनगर, पगुरा, कोमडो, पकरटोली, सहित दर्जनों गांव में बिजली बहाल कब तक होगी, किसी को पता नहीं है। सोमवार रात



तक जारी फीडर में बिजली बहाल नहीं हुआ था। इस वजह से प्रखंड के दर्जनों गांवों में अंधेरा छाया हुआ है। भीषण गर्मी के कारण लोगों को बिना बिजली जीना मुहाल हो गया है। वही प्रखंड में पिछले 3 दिनों से बिजली ब्यवस्था चरमराई हुई है। प्रखंड के पाकरटोली, अंबाटोली में बीच सड़क पर ही पेड़ गिरा हुआ है जिसको हटाने के लिए कोई नही है। बात करें बिजली खंभा की तो अंबटोली गांव में 2 से 3 घरों में बिजली का खंभा गिर गया है।

## महेंद्र कुमार करमाली बने सदर थाना के नये प्रभारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** एसपी शंभु कुमार सिंह ने गुमला जिला के पांच पुलिस निरीक्षकों का ट्रांसफर पोस्टिंग किया है। चैनपुर के पुलिस अंचल निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली गुमला सदर थाना के नये प्रभारी बनाये गये। जबकि गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह को सिसई अंचल निरीक्षक बनाया गया। इसी तरह बसिया अंचल के पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम को चैनपुर अंचल निरीक्षक, सिसई के पुलिस अंचल निरीक्षक विनय कुमार को गुमला अंचल का पुलिस निरीक्षक और गुमला अंचल के पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार को बसिया अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी पत्र में एसपी शंभु कुमार सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को नये पदस्थापन स्थान में योगदान देकर अविलंब अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। गुमला सदर के नये थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने मंगलवार दिन के 2 बजे कहा कि पब्लिक से सहयोग की अपेक्षा रहेगी साथ ही यहां जितने भी असामाजिक तत्व हैं उन पर कार्रवाई होगी।

# सफाई कर्मी की हत्या, सड़क जाम

**स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के भागा बाजार निवासी सफाई कर्मी बबलू रजक 30 वर्ष की मंगलवार की दोपहर अरबाज उर्फ पप्पू खान नामक व्यक्ति ने भाजपा नेता सोना खान के सुलभ शौचालय के बगल में संचालित अवैध शराब दुकान में पत्थर , रोड से हमला कर तथा बेरहमी से दांत काट काटकर हत्या कर फरार हो गया है। पप्पू खान द्वारा भागा में हत्या की यह दूसरी घटना को अंजाम दिए जाने से लोग दहशत में है। इस दौरान घटना की जानकारी पाकर झरिया और जोरापोखर थाना से बड़ी संख्या में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जब्त करने का प्रयास किया , लेकिन स्थानीय लोगों ने भारी विरोध किया। बेरहमी से बबलू की की गई हत्या की घटना से उतेजित लोगों ने पुलिस से हत्यारा पप्पू को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए शव को झरिया सिंदरी की मुख्य सड़क पर रखकर सड़क को जाम कर दिया । पुलिस द्वारा हत्यारा को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की सारी प्रक्रिया पूरा करने का दिए गए आश्वासन के बाद लोग शांत हुए तब जाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मौके पर भाजपा नेता अभिषेक पांडेय ,उमेश यादव,मंटू पांडेय आदि ने समर्थकों के साथ पुलिस से अविलंब कार्रवाई की मांग किया है। बताते हैं कि मृतक बबलू तीन भाई और तीन बहनों में सबसे छोटा था। उसकी शादी हुई थी मगर वर्षों पहले उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद हो गया है। वह भाजपा नेता सोना खान द्वारा संचालित सुलभ शौचालय में सफाई कर्मी का काम करता था। बबलू का हत्यारा पप्पू भी सोना खान के लिए शौचालय में मुंशी का काम करता है। पप्पू खान बबलू की हत्या की घटना से पहले भी एक बच्चा की हत्या करने का आरोपी रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पप्पू जैसे कई आदमखोर को सोना खान संरक्षण देकर तथा भाजपा की नेतागिरी के बल पर दबंगई कर शौचालय, सबस्टेशन की सरकारी जमीन को कब्जा कर मार्केट बनाए हुए है। शौचालय में काम के दौरान अक्सर पप्पू शराब के नशे में रहता था। आज घटना के समय मृतक बबलू और पप्पू खान के बीच केवली देवी उर्फ गोरकी नामक वृद्धा के अवैध शराब दुकान में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई ,जिससे उत्तेजित होकर पप्पू ने दुकान का गेट बंद कर दुकान में रखे पत्थर, रॉड सहित जो भी समान मिला उससे हमला कर तथा दांत काट काटकर कर बेरहमी से हत्या कर दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक बबलू का भाई पिंटू रजक और उसकी बहन मौके पर पहुंचकर पप्पू को पकड़ने का प्रयासा किया परंतु पप्पू झटका देकर फरार हो गया है। मृतक के स्वजन ने भाजपा नेता सोना खान पर घटना के बाद अपने कर्मी को देखने नहीं आने तथा हत्यारा को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद कई लोगों द्वारा पप्पू को पागल बताने पर भड़की परिजनों ने कहा कि अगर पप्पू सचमुच में पागल था तो आखिर सोना खान एक पागल से सार्वजनिक स्थान में काम क्यों ले रहा था, इसकी भी जांच होनी चाहिए। मृतक के भाई बहन ने कहा कि भागा में सोना खान का वर्चस्व है और पप्पू उसका शागिर्द है जिसके भय से स्थानीय लोगों ने घटना को अंजाम देते वक्त किसी ने निहत्थे पप्पू को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई।

## सरकारी शराब दुकान में बिक रही नकली शराब, ग्राहकों से हुई झड़प




**धनबाद।** हीरापुर पुलिस लाइन स्थित सरकारी शराब दुकान में नकली शराब की बिक्री की घटना सामने आई है, जिसने सरकारी शराब दुकानों के संचालन में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की ओर इशारा किया है। घटना उस वक्त प्रकाश में आई जब दो गार्ड शराब खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचे और दुकानदार ने उन्हें बी7 की दो हाफ बोतलें दीं। इनमें से एक बोतल नकली पाई गई। जब गार्ड को यह जानकारी मिली, तो उन्होंने दुकानदार से इसकी शिकायत करने का प्रयास किया। शुरूआत में दुकानदार ने इनकार किया, लेकिन उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी दी, तो दुकानदार ने झट से नकली बोतल को बदलकर नई बोतल दे दी। ग्राहकों द्वारा इस घटना का वीडियो बनाने के बाद दुकानदार और ग्राहकों के बीच झड़प भी हो गई। दुकानदार ने ग्राहकों को धमकाते हुए कहा नहीं जानते कि दुकान किसकी है। इसके अलावा, सरकारी शराब दुकान पर लगे टोल फ्री नंबर को भी फाड़ दिया गया, ताकि ग्राहक अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर सकें। यह पहली बार नहीं है इससे पहले भी नकली शराब और शराब में पानी मिलाकर बेचने की घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि, इन मामलों में आरोपी दुकानदारों को कुछ दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें फिर से बहाल कर दिया गया। जैसे कि बालूगद्दा और मनईटांड सरकारी शराब दुकानों में भी नकली शराब बेची जा चुकी है और इस कारण सेल्समैन को जेल तक जाना पड़ा था, लेकिन अंततः उन्हें भी बहाल कर दिया गया। सार्वजनिक शिकायतों और आरोपों के बावजूद सरकारी शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने की शिकायतें लगातार बनी हुई हैं। इस मामले पर जब उत्पाद विभाग के सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि शराब कंपनी को सूचना देनी चाहिए ।

## अबेकस के होनहारों ने प्रतियोगिता में मचायी धूम

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीडी माइंड मंत्रा अबेकस सरायढेला सेंटर के छात्रों ने बंगाल के दुगार्पुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर, आसनसोल, बांकुरा और बर्दवान जिलों से कुल 700 छात्रों ने भाग लिया। वहीं धनबाद सराढेला सेंटर से केवल 18 छात्रों ने प्रतिभागिता की, आश्चर्यजनक रूप से, इनमें से 15 छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त कर धनबाद का नाम रोशन किया। सभी विजेता छात्र टॉप 10 की रैंकिंग में शामिल रहे। मुख्य विजेताओं ओवरऑल रैंकिंग में श्रेयष्ठ व हर्षित प्रथम स्थान, शानविका व अयान कर्ण द्वितीय स्थान,हर्षिता तृतीय स्थान, रेयांश चतुर्थ स्थान, त्रिश्मय चतुर्थ स्थान, परी सातवें स्थान पर रहे। लिखित परीक्षा में, श्रेयष्ठ व अयान कर्ण तीसरे, हर्षित पांचवें, हर्षिता दसवें स्थान पर रहे।

**समाहरणालय, लातेहार**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**-: आम सूचना :-**

अंचल– चन्दवा एवं अंचल– मनिका जिला– लातेहार अन्तर्गत परियोजना–राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 मार्ग के (पैकेज–I) कुडू से उदयपुरा सेक्शन के अन्तर्गत Design Ch.-59.00 km से Ch.-97.600 तक चार लेन सड़क निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–II) उदयपुरा से भोगू सेक्शन के अन्तर्गत Design Ch.-97+515 km से Ch.-147+ 540 तक फोर लेन सड़क निर्माण में हितबद्ध रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं वंशावली निर्गत हेतु राजस्व कागजात 1. आवदेन पत्र, 2. खतियान/निबंधित केवाला की प्रति, 3. अद्यतन लगान रसीद की प्रति, 4. आपसी सहमति पत्र, एवं 5. आधार कार्ड के साथ अंचल–कार्यालय, चन्दवा एवं मनिका में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्गत कराना सुनिश्चित किया जाय।

इसके अतिरिक्त मुआवजा भुगतान हेतु वांछित कागजात यथा खतियान/केवाला की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, इण्डेमिनिटी बॉण्ड पेपर, बैंक पास बुक, शपथ पत्र, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत, वंशावली प्रमाण पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो एवं नोटिस की मूल प्रति के साथ आयोजित शिविर में उपस्थित होकर राजस्व कागजात जामा करना सुनिश्चित करें, ताकि जाँचोपरान्त मुआवजा भुगतान की कार्रवाई किया जा सके।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | तिथि | शिविर का स्थान | मौजा का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चन्दवा | 21.05.2025 | अंचल कार्यालय, चन्दवा | 1. सेन्हा<br>2. पिरदाग<br>3. बेरगडा<br>4. अमझरिया | |
| 2. | चन्दवा | 22.05.2025 | अंचल कार्यालय, चन्दवा | 1. हुटाप<br>2. बोरसिदाग<br>3. चिरो<br>4. दूढामू<br>5. रूद | |
| 3. | मनिका | 23.05.2025 | अंचल कार्यालय, मनिका | 1. दून्दु<br>2. नदवेला<br>3. जमुना<br>4. लाली<br>5. औराटांड<br>6. सिंजो<br>7. मनिका<br>8. एजामांड़<br>9. नामूदाग | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 352972 Land Reforms (25-26)_D

## कोड से रिश्ते, यादों से जुड़ाव : हैकाथॉन एंड कोडिंग क्लब ने दी 2021 बैच को विदाई



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** बीआईटी सिंदरी के हैकाथॉन एंड कोडिंग क्लब द्वारा 2021 बैच के वरिष्ठ छात्रों को एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस आयोजन में क्लब के जूनियर सदस्यों ने अपने सीनियर्स के योगदान, मार्गदर्शन और प्रेरणा को याद करते हुए अनेक भावनात्मक पलों को साझा किया। वीडियो ट्रिब्यूट, अनुभव-साझा, और क्लब की सामूहिक उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए छात्रों ने बीते वर्षों की यात्रा को यादगार बना दिया। क्लब की ओर से वरिष्ठों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम एक ऐसा क्षण था, जहां खुशी और गर्व के साथ-साथ विदाई की भावुकता भी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर क्लब के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. मोहम्मद अकरम खान ने कहा,ऑफिशियल कोडिंग क्लब संस्थान में तकनीकी नवाचार और नेतृत्व के विकास का केंद्र रहा है, और 2021 बैच ने इसे अपने समर्पण से एक नई ऊँचाई दी है। वहीं संस्थान के निदेशक एवं क्लब संरक्षक प्रो. पंकज राय ने अपने संदेश में कहा, यह क्लब न केवल तकनीकी प्रतिभा को निखारता है, बल्कि टीमवर्क और अनुशासन की संस्कृति भी विकसित करता है। यह विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि वरिष्ठों के योगदान के प्रति गहरी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। समारोह का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि सीनियर्स का यह सफर भविष्य में सफलता, नवाचार और नेतृत्व की नई मिसाल बने।

## थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप, सीएम से कार्रवाई की मांग

**थाने में डर, न्याय की जगह मिलता है अपमान**

**ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/जोड़ापोखर।** धनबाद जिले के जोड़ापोखर थाना अंतर्गत श्रीमोहन के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के खिलाफ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक लिखित शिकायत भेजी है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त थाना प्रभारी अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और ग्रामीणों के साथ खुलेआम अत्याचार, अभद्रता एवं भयादोहन कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, राजेश प्रकाश सिन्हा ने वर्ष 2024 के होली के समय जोरापोखर थाना का कार्यभार संभाला था। उनके पदस्थापन के बाद से थाना की छवि और कार्यप्रणाली में गिरावट आई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थाना में अब पीड़ितों की सुनवाई नहीं होती, बल्कि यदि कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर थाना जाता है, तो उसे गालियाँ दी जाती हैं, डराया-धमकाया जाता है, और कई बार मारपीट भी की जाती है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि थाना प्रभारी राजेश सिन्हा के खिलाफ धनबाद न्यायालय में कई केस दर्ज हो चुके हैं, जिनमें कुछ प्रमुख केस नंबर सी०पी० केस नं0-920/2025, सी०पी० केस नं0-292/2025, सी०पी० केस नं0-10200/2024, सी०पी० केस नं0-19837/2025 ग्रामीणों का दावा है कि ये केवल कुछ मामले हैं। जबकि बीते एक वर्ष में थाना प्रभारी के खिलाफ अनेक मौखिक एवं लिखित शिकायतें एसएसपी कार्यालय तक भी पहुंची हैं। परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि थाना में प्रतिदिन तथाकथित स्थानीय पत्रकारों, दलालों, कोयला, बालू और लोहा चोरों का जमावड़ा लगा रहता है। थाना प्रभारी द्वारा इन अवैध कारोबारियों को संरक्षण देकर उनसे धन उगाही की जाती है। चोरी की घटनाओं में पकड़े गए आरोपियों को चंद घंटों में छोड़ दिया जाता है। थाना प्रभारी द्वारा खुद को रांची डीजीपी ऑफिस का पूर्व इंचार्ज बताकर फरीयादियों को डरा कर चुप कराने का भी आरोप है। उनका यह कहना कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ग्रामीणों में भय और निराशा का माहौल पैदा करता है।

**सीएम से की मांग :** थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच टीम गठित की जाए जो पीड़ितों के बयान लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करे, सभी दर्ज केसों की न्यायिक समीक्षा कराई जाए, थाना परिसर को दलालों और अवैध कारोबारियों से मुक्त किया जाए। थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। मैंने जो भी कार्यवाही की है, वो कानून संगत कि है। अपराधी के घर पुलिस जाएगी, चाहे दिन हो या रात हो। आवेदन पर बोला की उच्चाधिकारी जब जवाब मांगेंगे तो जवाब दिया जायेगा।

**समाहरणालय, सिमडेगा (आपूर्ति शाखा)**

**।। प्रेस विज्ञप्ति ।।**
**अग्रिम खाद्यान्न वितरण के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (पीला राशन कार्ड/गुलाबी राशन कार्ड से आच्छादित) के तहत माह अगस्त 2025 तक के अवधि के लिए खाद्यान्न के अग्रिम उठाव एवं वितरण किया जाना है। जन वितरण प्रणाली दुकान स्तर पर लाभुकों के बीच खाद्यान्न का अग्रिम वितरण हेतु समय सारणी निर्धारित किया गया है, जो निम्न प्रकार है :–

| मह का नाम | जन वितरण दुकान स्तर पर वितरण की अवधि |
|---|---|
| जून 2025 एवं जुलाई, 2025 | दिनांक–01.06.2025 से 15.06.2025 तक |
| अगस्त, 2025 | दिनांक–16.06.2025 से 30.06.2025 तक |

अतः सभी पीला राशन कार्ड/गुलाबी राशन कार्ड से आच्छादित लाभुक/परिवार से आग्रह है कि निर्धारित समयावधि के अंतराल में जन वितरण प्रणाली दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.353023 Simdega(25-26):D

## कमजोर वर्गों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खोलने निकले हैं डॉ अशोक गड़िया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मेवाड़ ग्रुप ऑफ युनिवर्सिटीज के संस्थापक व चेयरमैन डॉ अशोक कुमार गाड़िया के लिए शिक्षण संस्थान समाज सेवा का माध्यम हैं। इनका मकसद दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, गरीब व वंचित समाज के मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खोलना है। इसपर सिर्फ अमीर घरों के बच्चों का एकाधिकार नहीं होना चाहिए। इससे एक भेदभाव पूर्ण सामाजिक ढांचे का निर्माण होगा। यह कहीं से राष्ट्र और समाज के हित में नहीं होगा। मंगलवार को होटल कुकुन में प्रेस वार्ता आयोजित कर संवादाताओं को संबोधित करते हुए डॉ. गाड़िया ने बताया कि उनके संस्थानों में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वाले वंचित समाज के बच्चों को वस्त्र, आवास और भोजन की मुफ्त सुविधा के साथ इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट जैसे कोर्सों की निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया जाता है। उन्हें रोजगार तक दिलाने का दायित्व संस्थान का होता है। कहा कि शिक्षा उनके लिए व्यवसाय नहीं हैं। वे देश के विख्यात चाटर्ड एकाउंटेंट और कर संबंधी मामलों के विशेषज्ञ हैं। केंद्र और राज्य सरकारें कर प्रणाली में उनसे परोक्ष अथवा प्रत्यक्ष सलाह लेती हैं। नीति निर्धारण में भी उनका योगदान रहता है। देश के बड़े-बड़े व्यावसायिक घरानों के संस्थानों के ऑडिट का काम उनकी चाटर्ड एकाउंटेसी कंपनी के जिम्मे है। उनकी आय का जरिया यही है। शिक्षण संस्थानों की स्थापना का उनका मकसद सिर्फ समाज सेवा है। मेधावी छात्र चाहे जम्मू-कश्मीर के दूरस्थ इलाकों के हों या छत्तीसगढ़-झारखंड जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों के, वे उन्हें स्वयं ढूंढ-ढूंढकर अपने संस्थानों में लाते हैं और इच्छित विषय की शिक्षा प्रदान करते हैं, वे सशक्त होते हैं तो समाज के कमजोर वर्गों के परिवारों का सशक्तीकरण होता है। वे शिक्षण व्यवस्था के खर्च की भरपाई सामाजिक संस्थाओं, सरकारी योजनाओं और व्यक्तिगत धन के जरिए करते हैं। कई बार ऐसे मौके आए हैं जब वे करोड़ों के कर्ज में डूब गए लेकिन छात्रों के शिक्षण में कोई अवरोध नहीं आने दिया। शिक्षा व्यवस्था के प्रति उनके विचार एक नए संतुलित समाज के निर्माण की दिशा में हैं और वे धीरे-धीरे उसे अमली जामा पहनाने का काम कर रहे हैं। आर्थिक कमजोरी प्रतिभाओं के विकास में बाधक न बनें, एक शिक्षाविद के रूप में यही उनकी चुनौती है। डॉक्टर गाड़िया ने बताया कि यूनिवर्सिटी में कुल 2000 छात्र हैं जिसमें 450 विदेशी छात्र हैं। 500 लड़कियों के लिए दो ब्लॉक में हॉस्टल हैऔर झारखंड के 18 जिलों के 167 बच्चे अभी वहां पढ़ रहे हैं। होटल कुकून में डॉक्टर गाड़िया को समाजसेवी दिलीप सिंह ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी ।** सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ ।मुख्य अतिथि शशि भूषण कुमार गुप्ता (सचिव) सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य) बच्चनेश्वर ठाकुर (वरिष्ठ आचार्य )पंकज तिवारी ,भगवान सिंह( कार्यक्रम प्रमुख) के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए सुनील कुमार पाठक ने कहा कि आज वैसे प्रतिभाशाली भैया बहनों का सम्मानित करने का अवसर है जिन्होंने विद्यालय एवं अपने परिवार क गौरवान्वित किया है। ये सभी भैया बहनों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन न सिर्फ पढ़ाई में बल्कि अपने रुचि के विषय खेलकूद , प्रश्नमंच ,संगीत और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं । प्राचार्य ने संदेश दिया कि परिश्रम करें सफलता निश्चित प्राप्त होगी । शशि भूषण कुमार गुप्ता ने कहा की आप सभी भैया बहनों को प्रबंध समिति की और से शुभकामनाएं हैं ।यह सफलता की शुरूआत है ।12वीं पास करने वाले भैया बहनों के पास बहुत से नए आयाम खुलते हैं। अपने रुचि के अनुरूप विषय और क्षेत्र का चयन कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जिससे आप एक सफल नागरिक बन सकें। अभिभावक वृंद भैया बहनों के अंदर राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक मूल्यों के निर्माण में सहयोग करें। जिससे ये एक अच्छे नागरिक बन सके। इन्हें परिवार, समाज और देश के प्रति दायित्व का बोध करायें । धन्यवाद ज्ञापन भगवान सिंह के द्वारा दिया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.विद्यालय के मेधावी छात्रों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा फल लाने पर उन्हें सम्मानित किया गया. समारोह में विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. विद्यालय का सीबीएसइ परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा.

कक्षा दशम के अनुराग कुमार ने 97% अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया तो वहीं द्वादश के विज्ञान संकाय के केशव सिन्हा ने 94% अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया तो वाणिज्य संकाय की समृधि गुप्ता ने 97.40% अंक लाकर धनबाद जिले की द्वितीय तथा पूरे झारखण्ड में षष्ठ स्थान लाकर अपने माता-पिता, गुरु एवं विद्यालय मान बढाया. दशम एवं द्वादश परीक्षा में विद्यालय से लगभग 400 बच्चे सम्मिलत हुए जिनमें लगभग 50 बच्चों का परीक्षा परिणाम 85% से 97.40 प्रतिशत तक रहा. विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार उप प्रधानाचार्य श्रीमती श्रेया सरकार एवं विद्यालय के आचार्यों ने प्रतिभाशाली 50 बच्चों के अभिभावकों को अंग वस्त्र, माताओं को श्रीमदभगवत गीता एवं भैया बहनों को माँ सरस्वती का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका एवं सचिव विक्रम राजगढ़िया ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. समारोह में विद्यालय परिवार के साथ-साथ सैकड़ों अभिभावक एवं माताएं विद्यालय प्रांगण में उपस्थित थी.

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, KODERMA**

**Sort e-Procurement Notice**
**Tender Reference No:- 01/BCD/EE/KODERMA/2025-26 Date:-20-05-2025**

| Gr. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Juvenile Ward (1 No.) & External Electrification Street Light and High Mast Light at Mandal Kara, Koderma in the District of Koderma | 81,80,600.00 | 4 Month |
| i. | Date of Publication of Tender on website | 28.05.2025 at 10:00AM | |
| ii. | Last date/Time for receipt of bids | 09.06.2025 up to 3:00PM | |
| iii. | Date & Time of opening of tender | 10.06.2025 at 3:00PM | |
| iv. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma | |
| v | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 | |
| vi. | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 | |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR 353004 (Building) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना – 01/2025–26 (तृतीय आमंत्रण)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची। |
| 2 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा। |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | :– | 22.05.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 4 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 27.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03 .10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | :– | 27.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की संभावित तिथि एवं समय | :– | 28.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न से। |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | :– | ई0 अनुप कुमार हांसदाः, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | :– | 8084784990 |
| 10 | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | :– | 8084784990 |

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, veh icle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Lohardaga*** for the year 2025-26. ***(For Major - 262/Minor - 102 nos., Total – 364 nos.)*** | RMDT-01 | 2,87,619.00 | 5,800.00 | 750.00 | Till 30 Sep 2025 |
| 2 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Senha*** for the year 2025-26. ***(For Major - 454/Minor - 208 nos., Total – 662 nos.)*** | RMDT-02 | 5,18,209.00 | 10,500.00 | 1,250.00 | Till 30 Sep 2025 |

PR 352977 Lohardaga(25-26)D
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

### झामुमो संगठन विस्तार को लेकर मधुपुर में शक्ति प्रदर्शन

# भाजपा झामुमो की ताकत से घबरायी हुई है : हफीजुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** देवघर जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) मंच मोर्चा के सांगठनिक विस्तार को लेकर मंगलवार को मधुपुर शहर के केला बागान में एक अहम जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में झामुमो के वरीय पदाधिकारी, मंच मोर्चा के कार्यकर्ता और जिले भर से आए संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झामुमो की असली ताकत उसका मजबूत संगठन है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो लगातार मजबूत हो रहा है, जिससे भाजपा पूरी तरह बौखला गई है। मंत्री हसन ने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत से लेकर नगर स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जाए और जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान हो। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता लोगों के साथ खड़ा रहे और किसी भी हाल में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए।विपक्ष पर हमला बोलते हुए मंत्री श्री अंसारी ने कहा कि उनमें इतनी ताकत नहीं है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हिला सकें। उन्होंने विपक्ष के प्रयासों को विफल करार देते हुए कहा कि राज्य की जनता पूरी तरह झामुमो के साथ है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री हफीजुल हसन ने यह भी घोषणा की कि 27 मई तारीख को सरना कोड लागू किया जायेगा, जिसे आदिवासी अस्मिता की पहचान बताते हुए उन्होंने 'मिशन सिंदूर' के तहत एक ऐतिहासिक कदम करार दिया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला सचिव दिनेश्वर किस्कू, झामुमो नगर अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन उर्फ बीके, नगर सचिव संजय शर्मा, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य प्रकाश मंडल, नरसिंह मुर्मू, नीलम देवी, जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण वर्मा, अबू तालिब अंसारी, मोहम्मद मतीन, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज, संयुक्त सचिव मोहम्मद आतिक, नगर उपाध्यक्ष दीपक बथवाल, अरविंद, युगल यादव, मोहम्मद वसीम, शाहिद उर्फ फेकू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बहुविषयक सेमिनार का आयोजन

**आरडी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर बना वैचारिक मंथन का केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर ।** रामा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर में दिनांक 22 और 23 मई 2025 को दो दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य विषय झारखंड की सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक विविधता में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं की भूमिका निर्धारित किया गया है। यह आयोजन झारखंड राज्य सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, रांची द्वारा प्रायोजित है। इस सेमिनार में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से प्रख्यात रिसोर्स पर्सन और वक्ता भाग ले रहे हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में गहन शोध और अनुभव के साथ विचार साझा करेंगे। सेमिनार में लगभग 150 शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए पंजीकृत हो चुके हैं। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक हैं कुलपति प्रो (डॉ) कुनुल कंदीर (एसकेएमयू, दुमका), जबकि संरक्षक की भूमिका में हैं प्रो (डॉ) बिमल प्रसाद सिंह, प्रति-कुलपति (एसकेएमयू, दुमका)। सह संरक्षक हैं डॉ सुचिता कुमारी, प्राचार्या, आरडी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर।

## उपायुक्त के आदेश पर अवैध निकासी से जुड़े मामले में दर्ज करायी गयी एफआइआर

**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने जिले में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अनियमितता से जुड़े मामले को संज्ञान लेते हुए जिला गव्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी और संबंधित इंडियन बैंक के बैंक प्रबंधक की कार्यशैली पर रोष प्रकट करते हुए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने पशुधन विकास योजना के तहत इंडियन बैंक सारठ और इंडियन बैंक जियाखाड़ा से फर्जी दस्तावेज व फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से की गयी अवैध निकासी को लेकर संबंधित बैंक के प्रबंधकों और कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है।

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए काम करने वाली ज्योति का देवघर कनेक्शन आया सामने



**देवघर।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए काम करने का आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का देवघर कनेक्शन भी सामने आया है। 2023 के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में ज्योति मल्होत्रा कांवर यात्रा के दौरान देवघर आई थी। ज्योति का रास्ता वही थी, जिससे श्रावणी मेले में करोड़ों श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर आते हैं। ज्योति ने देवघर और बासुकीनाथ यात्रा का पूरा वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया है। ज्योति के देवघर-बासुकीनाथ कनेक्शन के खुलासे के बाद हडकंप मचा हुआ है। प्रशासन की ओर से फिलहाल इस बारे में किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं आया है।
























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**